बुधवार, 11 दिसम्बर 2024

**मौसम**



| | |
|---|---|
| तापमान | 25 – 14 |
| आर्द्रता | 50% |
| सूर्योदय: 6:07 | सूर्यास्त: 16:53 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, मार्गशीर्ष शुक्लपक्ष एकादशी, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये



भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के संकल्प के साथ काम कर रही केंद्र सरकार : गडकरी -पृष्ठ 8

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : परेशान होने से कल की मुश्किल दूर नहीं होती, बल्कि आज का सुकून भी चला जाता है।

RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

## आरजीकर अस्पताल चिकित्सक हत्या मामले की सुनवाई एक महीने में पूरी होने की उम्मीद : उच्चतम न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने कोलकाता के सरकारी आरजीकर चिकित्सा महाविद्यालय में महिला प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या मामले की जांच कर रही सीबीआई द्वारा प्रस्तुत नवीनतम स्थिति रिपोर्ट पर मंगलवार को संज्ञान लिया। इसी के साथ, शीर्ष अदालत ने भरोसा जताया कि इस मामले की सुनवाई एक महीने में पूरी हो जाएगी। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की रिपोर्ट का अवलोकन करने के बाद रेखांकित किया कि मुकदमे की सुनवाई सियालदह स्थित विशेष सीबीआई अदालत में रोजाना – सोमवार से बृहस्पतिवार तक – चल रही है। न्यायालय ने पाया कि कुल 81 गवाहों में से अभियोजन पक्ष ने 43 गवाहों के बयान दर्ज करा दिये हैं। न्यायालय ने मंगलवार को एक मामले की सुनवाई करते हुए पक्षकारों को निर्देश दिया कि वे लिंग आधारित हिंसा को रोकने तथा अस्पतालों में चिकित्सकों और चिकित्सा पेशेवरों के लिए सुरक्षा प्रोटोकॉल तैयार करने के संबंध में अपनी सिफारिशें और सुझाव उसके द्वारा गठित राष्ट्रीय कार्यबल (एनटीएफ) के साथ साझा करें। पीठ ने कहा कि एनटीएफ मंगलवार से 12 सप्ताह के भीतर अपनी रिपोर्ट उसके विचारार्थ दाखिल करेगा। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, ''सभी सिफारिशें और सुझाव राष्ट्रीय कार्यबल को भेजे जाएं और राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा एनटीएफ की अंतिम रिपोर्ट पर जवाब दाखिल किया जाए।' प्रशिक्षु महिला चिकित्सक का शव नौ अगस्त को अस्पताल के सेमिनार कक्ष में पाया गया था। इसके बाद कोलकाता पुलिस ने अपराध के सिलसिले में अगले दिन स्वयंसेवी संजय रॉय को गिरफ्तार किया था। शीर्ष अदालत ने इस घटना की पृष्ठभूमि में चिकित्सा पेशेवरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक प्रोटोकॉल तैयार करने हेतु 20 अगस्त को एनटीएफ का गठन किया था।



## जगन्नाथ मंदिर के निर्माण कार्य का जायजा लेने दीघा पहुंचीं ममता

### आज मंदिर के निर्माण कार्य का जायजा लेंगी मुख्यमंत्री

**■ पुरी की तर्ज पर दीघा में 100 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बन रहा हैं मंदिर**



**पूर्व मेदिनीपुर :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पूर्व मेदिनीपुर जिले के दीघा में पुरी की तर्ज पर समुद्र किनारे बन रहे भव्य जगन्नाथ मंदिर के निर्माण कार्य का जायजा लेने मंगलवार को दो दिवसीय दौरे पर दीघा पहुंचीं। मुख्यमंत्री बुधवार को दीघा में जगन्नाथ मंदिर के निर्माण कार्य का जायजा लेंगी। निर्माण कार्यों की समीक्षा के बाद ममता जगन्नाथ मंदिर के उद्घाटन की तारीख की घोषणा भी कर सकती हैं। बता दें कि दीघा में करीब 20 एकड़ भूमि पर 128 करोड़ रुपये की लागत से जगन्नाथ मंदिर का निर्माण कार्य चल रहा है, जिसका काम अंतिम चरण में है। इस दिन, दोपहर करीब 2.30 बजे मुख्यमंत्री अपने विशेष हेलीकॉप्टर से न्यू दीघा के हेलीपैड मैदान पहुंचीं। यहां उनके स्वागत के लिए जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा कांथी सांगठनिक जिला तृणमूल युवा कांग्रेस के अध्यक्ष सुप्रकाश गिरि, कांथी सांगठनिक जिला तृणमूल के अध्यक्ष पीयूष कांति पांडा, तृणमूल महिला कांग्रेस की नेता मुक्तारुण बीबी सहित तृणमूल के अन्य नेता मौजूद थे। यहां से मुख्यमंत्री रात्रि विश्राम के लिए ओल्ड दीघा पहुंचीं। मुख्यमंत्री के आगमन के मद्देनजर दीघा और आसपास के इलाकों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

### बड़ी कंपनियां एकाधिकार बना रही हैं ताकि छोटे दुकानदारों को कारोबार से बाहर किया जा सके: राहुल

**नयी दिल्ली :** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को दावा किया कि बड़ी कंपनियां एकाधिकार बना रही हैं ताकि छोटे दुकानदारों को कारोबार से बाहर किया जा सके। उन्होंने हाल ही में दिल्ली के भोगल इलाके में किराने की एक दुकान दौरा किया था जिसका वीडियो मंगलवार को अपने यूट्यूब चैनल पर साझा किया। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, देश में लगभग 1.3 करोड़ किराना दुकानें हैं और क़रीब 15 से 20 करोड़ परिवार प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से इन दुकानों पर निर्भर होंगे। पिछले दिनों दिल्ली के भोगल स्थित एक ऐसी ही दुकान में जाकर वहां के दुकानदारों, काम करने वाले कामगारों और कुछ ग्राहकों से बातचीत की। उनके मुताबिक, दुकान के मालिकों ने मुझे बताया कि क्विक कॉमर्स बिजनेस के आने के बाद से वे काफ़ी दबाव में हैं। बड़ी कंपनियां एकाधिकार बना रही हैं ताकि छोटे दुकानदारों को कारोबार से बाहर किया जा सके। राहुल गांधी ने कहा कि जीएसटी ने उनकी मुसीबतें और बढ़ा दी है अब उन्हें अत्यधिक टैक्स भी देना पड़ रहा है। उन्होंने कहा, किराने की दुकानों के इस नेटवर्क में बड़ी संख्या में श्रमिकों को नौकरी मिलती है।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमलों के खिलाफ व्हाइट हाउस से 'यूएस कैपिटल' तक मार्च निकाला गया




**वाशिंगटन :** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमलों के विरोध में बड़ी संख्या में भारतीय अमेरिकियों ने व्हाइट हाउस (अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक कार्यालय एवं आवास) से लेकर यूएस कैपिटल (अमेरिकी संसद भवन) तक मार्च निकाला। ''हमें न्याय चाहिए'' और ''हिंदुओं की रक्षा करो'' जैसे नारे लगाते हुए शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों ने निवर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन प्रशासन और नवनिर्वाचित डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन से आग्रह किया कि वे बांग्लादेश की नयी सरकार से हिंदुओं की सुरक्षा के लिए कदम उठाने को कहें और इसके लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई भी करें। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमलों के विरोध में सोमवार को यह मार्च निकाला गया। इस कार्यक्रम के आयोजकों, 'स्टॉपहिंदूजेनोसाइड.ओआरजी', 'बांग्लादेशी डायसपोरा ऑर्गेनाइजेशंस' और 'हिंदूएक्शन' ने मांग की कि अमेरिका में स्थित कंपनियां बांग्लादेश से कपड़े खरीदना बंद करें, जो अमेरिका को किए जाने वाले निर्यात पर काफी हद तक निर्भर है।

**बांग्लादेश ने हसीना के हटने के बाद अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिंदुओं के खिलाफ हिंसा की 88 घटनाएं मानी**

**ढाका :** बांग्लादेश ने मंगलवार को स्वीकार किया कि अगस्त में तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना को पद से हटाए जाने के बाद अल्पसंख्यकों, मुख्य रूप से हिंदुओं के खिलाफ सांप्रदायिक हिंसा की 88 घटनाएं हुईं। अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस के प्रेस सचिव शफीकुल आलम ने कहा कि इन घटनाओं में 70 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

### वुजूखाने के सर्वेक्षण की मांग वाली याचिका पर सुनवाई 18 दिसंबर को

**प्रयागराज :** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने वाराणसी स्थित ज्ञानवापी मस्जिद के वुजूखाने के सर्वेक्षण की मांग वाली याचिका पर मंगलवार को सुनवाई टाल दी। मंगलवार को जब इस मामले में सुनवाई शुरू हुई, तो अदालत को बताया गया कि उच्चतम न्यायालय में इस मामले में 16 दिसंबर को सुनवाई होगी। इस पर अदालत ने सुनवाई के लिए 18 दिसंबर की तिथि तय की। वाराणसी की अदालत में श्रृंगार गौरी पूजा वाद में वादकारियों में से एक राखी सिंह द्वारा दायर पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की अदालत कर रही है। यह पुनरीक्षण याचिका वाराणसी के जिला न्यायाधीश के 21 अक्टूबर 2023 के आदेश को चुनौती देते हुए दायर की गई है जिसमें जिला न्यायाधीश ने ज्ञानवापी मस्जिद में वुजूखाना क्षेत्र का सर्वेक्षण करने का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को निर्देश देने से मना कर दिया था।

## ममता को 'इंडिया' गठबंधन का नेतृत्व करने दिया जाना चाहिए : लालू प्रसाद



**पटना/कोलकाता :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस बयान पर कि वह 'इंडिया' गठबंधन का नेतृत्व करने के लिए तैयार हैं, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रमुख लालू प्रसाद ने तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो का समर्थन करते हुए मंगलवार को कहा कि उन्हें भाजपा विरोधी इस गठबंधन का नेतृत्व करने दिया जाना चाहिए। लालू ने यहां पत्रकारों से कहा कि ममता बनर्जी को 'इंडिया' गठबंधन का नेतृत्व करने दिया जाना चाहिए। जब पत्रकारों ने ममता के दावों पर कांग्रेस की आपत्ति के बारे में पूछा, तो लालू ने कहा कि कांग्रेस के विरोध से कोई फर्क नहीं पड़ेगा, उन्हें 'इंडिया' गठबंधन का नेतृत्व करने दिया जाना चाहिए। उल्लेखनीय है कि हाल ही में एक टीवी चैनल से बातचीत करते हुए ममता बनर्जी ने गठबंधन के नेतृत्व और समन्वय को लेकर निराशा व्यक्त करते हुए कहा था कि अगर मौका मिला तो मैं इसका सुचारू रूप से संचालन को सुनिश्चित करूंगी। मैं पश्चिम बंगाल से बाहर नहीं जाना चाहती, लेकिन मैं इसे यहीं से संचालित कर सकती हूं।

## 'इंडिया' गठबंधन ने धनखड़ को हटाने के लिए नोटिस दिया, कांग्रेस बोली: 'अंपायर' ही कर रहा है पक्षपात

**नयी दिल्ली :** विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के घटक दलों ने राज्यसभा में आसन और विपक्ष के तल्ख रिश्तों के बीच मंगलवार को सभापति जगदीप धनखड़ को उपराष्ट्रपति पद से हटाने के लिए प्रस्ताव लाने संबंधी नोटिस मंगलवार को सौंपा। विपक्ष का आरोप है कि धनखड़ द्वारा अत्यंत पक्षपातपूर्ण तरीके से राज्यसभा की कार्रवाई संचालित करने के कारण यह कदम उठाना पड़ा है। नोटिस पर कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, द्रमुक, समाजवादी पार्टी और कई अन्य विपक्षी दलों के 60 नेताओं ने हस्ताक्षर किए हैं। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, द्रमुक नेता तिरुची शिवा और तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओब्रायन के हस्ताक्षर इस नोटिस पर नहीं हैं। समाजवादी पार्टी के नेता रामगोपाल यादव, आम आदमी पार्टी के संजय सिंह, तृणमूल कांग्रेस के सुखेंदु शेखर रॉय, राज्यसभा में कांग्रेस के उप नेता प्रमोद तिवारी, मुख्य सचेतक जयराम रमेश, वरिष्ठ नेता राजीव शुक्ला तथा कई अन्य वरिष्ठ सदस्यों ने धनखड़ के खिलाफ दिए गए नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं।



### उपराष्ट्रपति धनखड़ पर हमें गर्व, उन्हें हटाने का विपक्ष का नोटिस खारिज किया जाएगा: रीजीजू

**नयी दिल्ली :** संसदीय कार्यमंत्री किरेन रीजीजू ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को हटाने के लिए विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' द्वारा मंगलवार को नोटिस सौंपने के कदम की निंदा करते हुए इसे ''बेहद खेदजनक'' करार दिया। रीजीजू ने यहां संवाददाताओं से कहा कि सदन द्वारा नोटिस को खारिज कर दिया जाएगा क्योंकि राज्यसभा के अधिकांश सदस्यों को सभापति धनखड़ पर पूरा भरोसा है जो ''एक ज्ञानी और सज्जन'' व्यक्ति हैं। मंत्री ने कहा, ''हम इस नोटिस को पेश करने का विरोध करते हैं। यह कभी सफल नहीं हो सकता।''

## मेहुल चोकसी की 2,500 करोड़ रुपये की जब्त संपत्तियों को 'हकदारों' को लौटाने की प्रक्रिया शुरू



**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को कहा कि उसने पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) में 13,000 करोड़ रुपये के कथित धोखाधड़ी मामले में फरार व्यवसायी मेहुल चोकसी की जब्त की गई 2,500 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति की बहाली शुरू कर दी है। वित्तीय जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा कि उसने मुंबई स्थित एक विशेष धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत के आदेश के बाद इस मामले में जब्त संपत्तियों को उनके असली मालिकों को लौटाने की प्रक्रिया शुरू की है। ईडी ने कहा, ''अदालती आदेश के अनुपालन में संपत्तियों को सौंपने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और 125 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्तियां गीतांजलि जेम्स लिमिटेड (चोकसी की एक कंपनी) के परिसमापक को सौंप दी गई है।'' प्रवर्तन निदेशालय ने कहा कि सौंपी गई संपत्तियों में पूर्वी मुंबई के सांताक्रूज में स्थित खेनी टावर में छह फ्लैट और सांताक्रूज इलेक्ट्रॉनिक एक्सपोर्ट प्रोसेसिंग ज़ोन में स्थित दो कारखाने/गोदाम शामिल हैं। ईडी ने हीरा व्यवसायी चोकसी के खिलाफ इस पीएमएलए मामले में 2,565.90 करोड़ रुपये की संपत्तियां कुर्क या जब्त की थीं। अदालत ने इन सभी संपत्तियों के 'मौद्रीकरण' की अनुमति दी है। एजेंसी ने कहा कि उसने बहाली प्रक्रिया शुरू करने के लिए 'सक्रिय कदम' उठाए और प्रभावित बैंकों के साथ मिलकर एक आम रुख अपनाने पर सहमति जताई और अदालत का रुख किया। अदालत ने 10 सितंबर को आदेश दिया था कि प्रवर्तन निदेशालय गीतांजलि समूह की कंपनियों के परिसमापकों को कुर्क या जब्त की गई संपत्तियों के मूल्यांकन और नीलामी में बैंकों के साथ काम करेगा।

## सीयूईटी–यूजी: 12वीं के विषय की बाध्यता नहीं, अब विद्यार्थी किसी भी विषय की दे सकेंगे परीक्षा

**नयी दिल्ली :** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने कहा है कि 2025 से (विश्वविद्यालयीन सामान्य प्रवेश परीक्षा – स्नातक) सीयूईटी–यूजी केवल कंप्यूटर आधारित परीक्षा के तौर पर आयोजित की जाएगी तथा विद्यार्थी को किसी भी विषय में प्रवेश परीक्षा देने की इजाजत होगी, भले ही उन्होंने 12वीं में उस विषय की पढ़ाई न की हो। कुमार ने 'पीटीआई–भाषा' के साथ बातचीत के दौरान कहा कि आयोग द्वारा गठित की गयी विशेषज्ञों की एक समिति ने इस परीक्षा की समीक्षा की तथा कई बदलावों का प्रस्ताव दिया। कुमार ने कहा, ''पिछले साल के 'हाइब्रिड मोड' (कंप्यूटर आधारित एवं उत्तर पुस्तिका वाली व्यवस्था) के विपरीत 2025 से माध्यम सीबीटी (कंप्यूटर आधारित परीक्षा) ही होगा। हमने विषयों की संख्या भी 63 से घटाकर 37 कर दी है तथा हटा दिये गये विषयों के लिए प्रवेश सामान्य योग्यता परीक्षण में मिले अंक के आधार पर दिये जायेंगे।'' उन्होंने कहा, ''प्रतिभागियों को सीयूईटी–यूजी में उन विषयों को चुनने की भी अनुमति दी जाएगी, जिसकी पढ़ाई उन्होंने 12वीं कक्षा में नहीं की, ताकि विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा में कठोर विषयात्मक सीमाओं को पार करने का अवसर मिल सके।'' परीक्षा के 2025 के संस्करण में किये गये बदलावों की व्याख्या करते हुए कुमार ने कहा कि विद्यार्थी अब छह के बजाय अधिकतम पांच विषयों में सीयूईटी –यूजी दे पायेंगे। यूजीसी अध्यक्ष ने कहा, '' इसी तरह, परीक्षा की अवधि, जो विषयों के हिसाब से 45 मिनट से 60 मिनट तक होती थी, अब 60 मिनट के रूप में मानकीकृत कर दी गई है।

### गूगल इंडिया सर्च में 2024 में आईपीएल, विश्व कप, चुनाव सबसे ऊपर

**नयी दिल्ली :** भारत में गूगल सर्च में 2024 के दौरान खेल और राजनीतिक खोज सबसे ऊपर रहीं। एक गूगल ब्लॉग में मंगलवार को यह जानकारी दी गई। इस दौरान आईपीएल, विश्व कप और चुनाव परिणाम प्रमुख रूप से ट्रेंडिंग टॉपिक में शामिल रहे। ब्लॉग के अनुसार, सर्च रुझानों में विभिन्न भाषाओं में खेल और मनोरंजन के विषय शामिल थे। इसके अलावा देशी संगीत, मीम्स और मजाकिया शब्द भी खोजे गए। इंडियन प्रीमियर लीग, टी20 विश्व कप, ओलंपिक, प्रो कबड्डी लीग और इंडियन सुपर लीग ट्रेंडिंग सर्च सूची में शीर्ष पर थे। व्यक्तियों की बात करें तो शीर्ष दस ट्रेंडिंग सर्च में पांच खेल से थे। इनमें विनेश फोगट, हार्दिक पांड्या, शशांक सिंह, अभिषेक शर्मा और लक्ष्य सेन सबसे लोकप्रिय व्यक्ति बनकर उभरे। इसके अलावा, शीर्ष 10 रैंकिंग में चुनाव परिणाम 2024, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (आईएनसी) शामिल थे। ब्लॉग के अनुसार, लोगों ने मौसम और स्वास्थ्य के बारे में भी सवाल और चिंताएं व्यक्त कीं।

## भारत–रूस की मित्रता सबसे ऊंचे पर्वत से भी ऊंची: राजनाथ ने पुतिन के साथ बैठक में कहा

**नयी दिल्ली :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को मॉस्को में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बैठक में कहा कि भारत–रूस की मित्रता ''सबसे ऊंचे पर्वत से भी ऊंची और सबसे गहरे महासागर से भी गहरी है।'' बैठक के बारे में भारत की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, दोनों नेताओं ने कहा कि दोनों देशों के बीच साझेदारी में अपार संभावनाएं हैं और मिलकर किए जाने वाले प्रयास उल्लेखनीय परिणामों का मार्ग प्रशस्त करेंगे। सिंह ने रूस के रक्षा मंत्री आंद्रे बेलौसोव के साथ 'सैन्य एवं सैन्य सहयोग पर भारत–रूस अंतर–सरकारी आयोग' के 21वें सत्र की सह–अध्यक्षता करने के बाद पुतिन से मुलाकात की। रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया, ''बैठक के दौरान राजनाथ सिंह ने कहा कि 'हमारे देशों के बीच मित्रता सबसे ऊंचे पर्वत से भी ऊंची और सबसे गहरे महासागर से भी गहरी है'।'' सिंह ने पुतिन से कहा कि भारत अपने रूसी मित्रों के साथ हमेशा खड़ा रहा है और वह भविष्य में भी ऐसा करता रहेगा। रक्षा मंत्री ने राष्ट्रपति पुतिन को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं भी दीं।



रक्षा मंत्री ने 'एक्स' पर लिखा कि मॉस्को में रूसी राष्ट्रपति के कार्यालय क्रेमलिन में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात करके खुशी हुई। सिंह तीन दिवसीय यात्रा पर रविवार को रूस रवाना हुए थे। रक्षा मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मॉस्को की यात्रा करने और पुतिन के साथ शिखर वार्ता करने के पांच महीने बाद रूस की यात्रा की है। शिखर सम्मेलन के दौरान, दोनों पक्षों ने भारत–रूस रक्षा और सैन्य संबंधों को और आगे बढ़ाने का संकल्प लिया था। मोदी ने वार्षिक ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए अक्टूबर में भी रूस की यात्रा की थी। राष्ट्रपति पुतिन प्रधानमंत्री मोदी के साथ वार्षिक शिखर वार्ता करने के लिए अगले साल भारत आने वाले हैं। सिंह ने मंगलवार को बेलौसोव के साथ व्यापक वार्ता के दौरान, सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली 'एस–400 ट्रायम्फ' की दो शेष इकाइयों की आपूर्ति में तेजी लाने का रूस पर दबाव बनाया।

रूस के रक्षामंत्री के साथ बैठक में सिंह ने विभिन्न सैन्य 'हार्डवेयर' (टैंक, विमान, मिसाइल आदि) के संयुक्त उत्पादन में रूसी रक्षा उद्योगों के लिए भारत में नये अवसरों का उल्लेख किया और कहा कि भारत–रूस संबंध बहुत मजबूत हैं तथा इसने एक विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी की जिम्मेदारियों को पूरा किया है।




Diamond Jewellery, Solitaires, Hallmarked Gold Jewellery, Polki, Kundan-Jadau and Certified Gemstones with buy-back facility.
INDIAN GEM & JEWELLERY CREATION www.indiangem.com
**9B, Wood Street:** Ground Floor, Kolkata 700 016 M +91 89810 89018 **South City Mall:** Ground Floor, 375, Prince Anwar Shah Road, Kolkata 700 068 M +91 89810 89029 **City Centre II, Rajarhat :** Block-B, 2nd Floor, Shop No. 201, New Town, Kolkata 700 157 M +91 89810 89066 **Howrah:** JP's AC Market (Shri Vindyachal Building), 35, Dr. Abani Dutta Road (Near Howrah AC Market) M +91 89810 89027 **Vardaan Market:** 106 Vardaan Market, 1st Floor, 25A, Camac Street, Kolkata 700 016 M +91 89810 89003 **Bagnan:** Glorious Shopping Complex, Near CTC Bus Stand, Shop No. 4, 1st Floor, Bagnan, Howrah 711 303 M +91 89810 89024 **Durgapur:** Shop No. 205, Dreamplex Mall, 1st Floor, City Centre, Durgapur 713 216 M +91 89810 89017 **Serampore:** Agnisha - II, Ground Floor, 30, K M Shah Street, Serampore, Hooghly 712 201 M +91 89810 89014
Authorised Retailer: Forevermark, Platinum & MMTC Gold & Silver Bars Toll Free No. 1800 889 1704

## संवेदनहीनता के दौर की निर्ममता

यूं तो हर रोज कई ऐसी खबरें विचलित करती हैं, जिसमें इंसानी रिश्तों का कत्ल होता है। लेकिन कुछ घटनाएं इतनी हृदयविदारक व वीभत्स होती हैं कि हर संवेदनशील व्यक्ति दुख व करुणा से स्तब्ध रह जाता है। पिछले दिनों दिल्ली की उस घटना ने विचलित किया, जिसमें आक्रोशित युवक ने पिता,मां व बहन की हत्या गुस्से में आकर कर दी। वहीं शनिवार को हरियाणा के शाहबाद की उस घटना ने हर किसी को झकझोरा, जिसमें पैसे के लेन-देन को लेकर कुछ लोगों द्वारा उत्पीड़ित किए जाने पर एक व्यक्ति ने अपने माता-पिता, पत्नी की निर्मम हत्या करने के बाद खुदकुशी कर ली। उसने कोशिश तो अपने किशोर पुत्र की हत्या की भी की लेकिन संयोगवश वह बच गया। इस दिल दहला देने वाली घटना के बाद जो सुसाइड नोट मिला है, उसमें अपनों की हत्या करने वाले व्यक्ति ने आठ लोगों द्वारा रुपयों के लेन-देन के लिये उत्पीड़ित करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज भी किया है। अब भले ही हत्यारे व्यक्ति को रुपयों के लेन-देन को लेकर विकट स्थितियों का सामना करना पड़ रहा हो, लेकिन उसे इससे जन्म देने वाले माता-पिता व पत्नी की हत्या करने का अधिकार तो नहीं मिल जाता। आखिर उसके परिजनों का क्या कसूर था जिन्हें अकारण उसने मौत के घाट उतार दिया। दरअसल, ऐसे मामलों में अकसर देखने में आता है कि विकट परिस्थितियों में बेहद तनाव की स्थितियों से गुजर रहा व्यक्ति इतना हताश हो जाता है कि अपने प्रियजनों को किसी अपमानजनक स्थिति से बचाने के लिये उनकी जीवन लीला समाप्त करना अंतिम विकल्प समझ लेता है। इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि कई व्यक्ति वास्तविक आर्थिक स्थितियों का आकलन किए बिना ऐसे कदम उठा लेते हैं कि उसकी प्रतिपूर्ति करना मुश्किल हो जाता है। दरअसल संकट से गुजरते व्यक्ति में मुश्किल हालातों से मुकाबले का ऐसा धैर्य ही नहीं रहता है कि उससे उबारने का रास्ता खोज सके। ऐसे में मौत को गले लगाना ही उसे अंतिम विकल्प नजर आता है।

दरअसल, हमारे समाज में आज महत्वाकांक्षाओं और भौतिक संसाधन जुटाने का इस कदर जुनून हावी है कि आसन्न संकट का आकलन किए बिना व्यक्ति कर्ज के जाल में फंस जाता है। वहीं दूसरी ओर हमारे समाज में आर्थिक लिप्साओं के उफान के दौर में लोग इतने संवेदनहीन हो चले हैं कि व्यक्ति की दुखती रग पर हाथ रखकर भयादोहन करने लगते हैं। निश्चित रूप से ये विकट स्थितियां मानवीय मूल्यों के पराभव को भी दर्शाती हैं। शाहाबाद की हृदय विदारक घटना के लिये जिन लोगों को दोषी बताया जा रहा है, उन्होंने भी इतना रहम नहीं दिखाया कि यह परिवार उजड़ने से बच जाए। चंद रुपयों को वसूलने के क्रम में लोग किस हद तक गिर सकते हैं, यह घटनाक्रम उसकी बानगी है। एक समय था कि लोग ऐसे संकट में फंसे व्यक्ति की मदद के लिये खड़े होते थे। हमारा सामाजिक स्वरूप ऐसा था कि गांव-मोहल्ले के लोग एक-दूसरे का दुख-दर्द बांट लेते थे। आज हर तरफ लोग पैसे के पीर बन गए हैं। शहरों में लोगों में ऐसी संवेदनशीलता नजर नहीं आती है कि दूसरे व्यक्ति या परिवार को संकट में फंसा देखकर आर्थिक संबल देकर या मनोबल बढ़ाकर उसे सांत्वना दें। ऐसे में जब व्यक्ति अपनी व अपने परिवार की मर्यादा व सम्मान गर्दिश में देखता है, तो वह आत्मघात को संकट का आखिरी समाधान मान लेता है। यह नये दौर की सामाजिक विकृति ही है कि अपनों का कत्ल करने से कोई गुरेज नहीं करता। सवाल यह भी है कि संकट कितना बड़ा क्यों न हो, आखिर कैसे कोई जन्म देने वाली मां का कत्ल कर सकता है? कैसे उस पिता को मार देता है, जिसने उसका जीवन सींचा है? कैसे उस पत्नी की हत्या कर देता है जिसकी रक्षा का संकल्प उसने सात फेरे लेते वक्त लिया था? निस्संदेह, समाज में पनपती यह संवेदनहीनता, निर्ममता, क्रूरता हमारे समाज विज्ञानियों के लिये मंथन का विषय है। आखिर क्यों किसी सभ्य समाज में ऐसी विकृतियां पनप रही हैं? यह हमारे समाज के लिये खतरे की घंटी है। जिसे सुना जाना चाहिए।

# पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों में बीमारियों का कारगर उपचार ढूंढा जाये शोधों को बढ़ाकर



डॉ. आर.के. सिन्हा

सुप्रीम कोर्ट में पिछले दिनों एक याचिका दाखिल कर प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को शामिल करने की मांग की गई है। यह बिल्कुल ठीक ही है कि ऐसा करने से देश की एक बड़ी आबादी को सस्ती और असरदार स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ आसानी से मिल सकेगा। साथ ही, पारंपरिक चिकित्सा को भी पर्याप्त बढ़ावा मिलेगा और वे पहले की भाँति फिर से लोकप्रिय हो सकेंगी।

सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका पर केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। हालांकि यह मामला ऐसा नहीं है, जिस पर सरकार को फैसला लेने में बहुत दिक्कत हो। पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियाँ, जैसे आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी इत्यादि, गरीब जनता के लिए कई मायनों में वरदान रही हैं और सरकारी संरक्षण प्राप्त होने पर और भी लोकप्रिय साबित हो सकती हैं। पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों में आमतौर पर आधुनिक चिकित्सा की तुलना में उपचार की लागत काफी ज्यादा कम होती है। यह गरीब लोगों के लिए, जो महंगे अस्पताल और दवाओं का खर्च वहन नहीं कर सकते , उनके लिए बहुत लाभकारी होती हैं।

ब्रिटेन के किंग चार्ल्स पिछले दिनों एक निजी यात्रा पर भारत आए हुए थे। उनके साथ उनकी पत्नी क्वीन कैमिला भी थीं। वे बेंगलुरु के पास एक आधुनिक आरोग्यशाला होलिस्टिक हेल्थ सेंटर' में ठहरे। तीन दिन की यात्रा के दौरान किंग चार्ल्स और क्वीन कैमिला ने योग, मेडिटेशन सेशन और योग थेरेपी का भरपूर आनंद उठाया। यानी सामान्य रोगियों से लेकर ब्रिटेन के किंग को भी अब समझ में आ गया है कि सेहतमंद रहने और स्मार्ट दिखने के लिए भारत के आधुनिक डॉक्टरों और परम्परागत चिकित्सा पद्धतियों से इलाज करवाना कहीं ज़्यादा सही रहेगा।

पारंपरिक चिकित्सक अक्सर ग्रामीण और दूर-दराज के इलाकों में भी आसानी से उपलब्ध होते हैं, जहाँ आधुनिक चिकित्सा सुविधाएँ कुछ ही मल्टी स्पेशलिटी अस्पतालों तक ही सीमित होती हैं। अतः यह पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियां ग्रामीण गरीबों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं और इनमें गरीब ग्रामीणों का अटूट विश्वास भी है। ज्यादातर पारंपरिक उपचार स्थानीय रूप से उपलब्ध जड़ी-बूटियों और अन्य प्राकृतिक संसाधनों पर ही आधारित होते हैं, जिसकी लागत कम होती है।

एक खास बात यह भी है कि ये पारंपरिक स्वास्थ्य पद्धतियाँ अक्सर शरीर और मन दोनों को एक साथ स्वस्थ रखने पर ध्यान केंद्रित करती हैं, जो आधुनिक चिकित्सा की तुलना में अधिक समग्र दृष्टिकोण है। यह जीवनशैली संबंधी बीमारियों की रोकथाम में अत्यंत कारगर मदद कर सकती हैं।

हालांकि कुछ पारंपरिक उपचारों की प्रभावशीलता के लिए पर्याप्त वैज्ञानिक प्रमाणों का अभाव गिना दिया जाता है क्योंकि आधुनिक वैज्ञानिक रूप से स्वीकार्य प्रयोगों पर आधारित साक्ष्य उपलब्ध नहीं हैं। सरकार को चाहिये कि आधुनिक प्रयोगशालाओं में वैज्ञानिक शोध के आधार पर इनके कारगर परिणाम के साक्ष्य उपलब्ध करवाए। इससे रोगियों की सुरक्षा और उपचार की गुणवत्ता वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी सिद्ध और स्थापित हो सकेगी, नहीं तो पारम्परिक सिद्ध चिकित्सा पद्धतियों पर सवाल उठते ही रहेंगे। पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों से जुड़े लोगों को और भारत सरकार के आयुष मंत्रालय को इस तरफ ध्यान देने की जरूरत तो है। इनमें गहन शोध तो होना ही चाहिए।

यह भी मानना होगा कि पारंपरिक चिकित्सा व्यवसाय का नियमन और गुणवत्ता नियंत्रण अक्सर अपर्याप्त होता है। सरकार को इस तरफ भी देखना होगा।

इनके कुछ चिकित्सक ऐसे दावे करते हैं जिनका कोई वैज्ञानिक आधार नहीं होता है, जिससे रोगियों को भ्रमित किया जा सकता है और उनका स्वास्थ्य जोखिम में पड़ सकता है। अतः आयुष मंत्रालय को वैज्ञानिक अनुसंधान के आधार पर इन दावों की प्रमाणिकता या तो सिद्ध करनी होगी या फिर ख़ारिज करना होगा। खैर, ये पद्धतियाँ जनता के लिए वरदान तो हो ही सकती हैं, खासकर जब वे आधुनिक चिकित्सा के साथ एकीकृत हों और उचित नियमन और गुणवत्ता नियंत्रण के साथ संचालित हों। हालांकि, इन पद्धतियों की सीमाओं और चुनौतियों को भी स्वीकार करना और उनका समाधान करना महत्वपूर्ण है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि यह उपचार पद्धति भी वैज्ञानिक रूप से प्रमाणिक है।

भारत अपनी विविधता और समृद्ध इतिहास के लिए जाना जाता है, जिसमें अनेकों पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियाँ हज़ारों वर्षों से चली आ रही हैं। आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्धा, होमियोपैथी और अनेक अन्य प्रणालियाँ सदियों से भारतीय समाज के स्वास्थ्य और कल्याण का एक अभिन्न अंग रही हैं। आज, जब आधुनिक चिकित्सा पद्धति तेज़ी से आगे बढ़ रही है, तब भी पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों का महत्व कम नहीं हुआ है, बल्कि यह और भी अधिक प्रासंगिक हो गया है। विश्व भर से प्रतिवर्ष हज़ारों अत्यंत पढ़े- लिखे और समृद्ध लोग आख़िर भारत आकर इन चिकित्सा पद्धतियों पर लाखों खर्च क्यों करते हैं। वे सभी पागल तो हैं नहीं। उन्हें निश्चित रूप से लाभ मिल रहा है तभी तो वे यहाँ आकर महीनों रहकर , लाखों खर्चकर स्वस्थ होकर वापस जा रहे हैं।

भारत में स्वास्थ्य सेवा का वितरण असमान है, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में। आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं तक पहुँच सीमित होने के कारण, पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियाँ स्वास्थ्य सेवा की पहुँच को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। ये पद्धतियाँ स्थानीय रूप से उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करती हैं और अक्सर कम खर्चीली होती हैं, जिससे वे आम लोगों के लिए अधिक सुलभ होती हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोग अक्सर इन पद्धतियों पर ही निर्भर रहते हैं, क्योंकि ये उनके सांस्कृतिक परिवेश और आर्थिक स्थिति के अनुकूल हैं।

पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियाँ केवल बीमारियों के इलाज पर ही केंद्रित नहीं हैं, बल्कि रोगों की रोकथाम पर भी ज़ोर देती हैं। आयुर्वेद और योग जैसे पद्धतियाँ जीवनशैली में बदलाव, आहार और व्यायाम के माध्यम से स्वस्थ जीवन को बढ़ावा देने पर केंद्रित हैं, जिससे कई गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। ये पद्धतियाँ शरीर और मन के बीच संबंध को समझती हैं और समग्र स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करती हैं। पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियाँ प्रकृति से प्राप्त जड़ी-बूटियों और अन्य प्राकृतिक उपचारों का व्यापक उपयोग करती हैं। ये उपचार अक्सर कम साइड इफ़ेक्ट वाले होते हैं और आधुनिक दवाओं की तुलना में शरीर पर कम हानिकारक प्रभाव डालते हैं। भारत की जैव विविधता ने सदियों से पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को पोषित किया है और इन पद्धतियों को अद्वितीय उपचार विकसित करने का अवसर प्रदान किया है।

इन चिकित्सा पद्धतियाँ भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। ये पद्धतियाँ सदियों से भारतीय समाज के जीवन में अंतर्निहित हैं और लोगों के स्वास्थ्य के प्रति दृष्टिकोण को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इन पद्धतियों को अपनाने से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार होता है, बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण में भी वृद्धि होती है। आयुर्वेद और योग जैसे पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों ने विश्व स्तर पर लोकप्रियता हासिल की है। इनकी मांग बढ़ने से भारत के लिए आर्थिक अवसर भी पैदा हुए हैं। पारंपरिक चिकित्सा से संबंधित उद्योगों का विकास भारत की अर्थव्यवस्था को मज़बूत करने और रोजगार के अवसर पैदा करने में योगदान दे सकता है।

हालांकि, इन पद्धतियों को आधुनिक चिकित्सा के साथ एकीकृत करने की आवश्यकता है। यह महत्वपूर्ण है कि इन पद्धतियों का वैज्ञानिक सत्यापन किया जाए और उनकी प्रभावशीलता को सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, इन पद्धतियों के व्यावसायीकरण को नियंत्रित करने और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए उचित विनियमन की भी आवश्यकता है।

एक बात फिर दोहराना चाहता हूं कि आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी, आदि पद्धतियों से जुड़े विद्वानों को अपने अनुसंधान को और गहना करना होगा। वैज्ञानिक पद्धति से किए गए शोध इन पद्धतियों के लाभों, कार्यप्रणाली और सीमाओं को स्पष्ट कर सकते हैं। इससे न केवल इन पद्धतियों की विश्वसनीयता बढ़ेगी, बल्कि अविश्वसनीय दावों से भी बचा जा सकेगा।

पारंपरिक पद्धतियों में पाए जाने वाले औषधीय पौधों और पदार्थों का आधुनिक विज्ञान के द्वारा गहन अध्ययन किया जा सकता है। इससे नई दवाओं और उपचारों का विकास संभव हो सकता है, जो कई बीमारियों के लिए प्रभावी इलाज मुहैया करा सकते हैं।

बेशक, पारंपरिक औषधियों की सुरक्षा और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए कठोर शोध आवश्यक है। पारंपरिक पद्धतियाँ अक्सर व्यक्ति-विशिष्ट उपचार पर जोर देती हैं। शोध से यह पता चल सकता है कि किस प्रकार के रोगियों के लिए कौन सी पद्धति अधिक प्रभावी है और व्यक्तिगत आवश्यकताओं के अनुसार उपचार को कैसे अनुकूलित किया जा सकता है। (लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)

# किताबों से फूटती हिंसा



प्रमोद भार्गव

यह सच्चाई कल्पना से परे लगती है कि विद्या के मंदिर में पढ़ाई जा रही किताबें हिंसा की रक्त रंजित इबारत भी लिखेंगी? लेकिन हैरत में डालने वाली बात है कि यह हृदयविदारक घटना एक हकीकत बन चुकी है। देश के महानगर और शैक्षिक गुणवत्ता की दृष्टि से महत्वपूर्ण माने जाने वाले महानगर दिल्ली, गुड़गांव, हैदराबाद और बैंग्लौर में तो इस तरह की घटनाएं देखने में आती रही हैं, लेकिन अब मध्यप्रदेश के छतरपुर के एक सरकारी विद्यालय में 12वीं के नाबालिग छात्र ने प्राचार्य की कट्टे से गोली मारकर हत्या कर दी। प्राचार्य सुरेंद्र कुमार सक्सेना का दोश इतना भर था कि उन्होंने इस छात्र को नियमित स्कूल नहीं आने पर फटकार लगाई थी। इससे छात्र इतना नाराज हुआ कि उसने अगले दिन प्राचार्य के सिर में गोली मार दी। पुलिस ने ढिलापुर ग्राम के इस छात्र को हिरासत में ले लिया है। नशे का आदि यह छात्र छात्राओं के साथ भी छेड़छाड़ करता था। शिक्षकों को इसने धमकाने की उद्दंडता कई मर्तबा बरती थी। अतएव छात्र की दहशत इतनी रही कि इस वरदात के बाद भी कई शिक्षक उसका नाम लेने से बचते रहे। इस हत्या के बाद सवाल उठ रहा है कि छात्र के पास अवैध माना जाने वाला कट्टा कहां से आया ? दरअसल आजकल समूचा बुंदेलखंड मप्र और उप्र में अवैध हथियारों के निर्माण और उनके क्रय-विक्रय का अड्डा बना हुआ है।

विद्यालयों में छात्र हिंसा से जुड़ी ऐसी घटनाएं पहले अमेरिका जैसे विकसित देशों में ही देखने में आती थीं, लेकिन अब भारत जैसे विकासशील देशों में भी क्रूरता का यह सिलसिला चल पड़ा है। हालांकि भारत का समाज अमेरिकी समाज की तरह आधुनिक नहीं है कि जहां पिस्तौल अथवा चाकू जैसे हथियार रखने की छूट छात्रों को हो। अमेरिका में तो ऐसी विकृत संस्कृति पनप चुकी है, जहां अकेलेपन के शिकार एवं मां-बाप के लाड-प्यार से उपेक्षित बच्चें घर, मोहल्ले और संस्थाओं में जब-तब पिस्तौल चला दिया करते हैं। पाठशालाओं में घट रहीं ऐसी घटनाएं उस बर्बर, वीभत्स और निरंकुश संस्कृति की देन हैं, जिसने नैतिक एवं मानवीय मूल्यों को रौंदकर बेतहाशा दौलत कमाई और फिर नवधनाढ्यों के वर्ग में शामिल हो गया। और अब आपराधिक कृत्यों को अंजाम देकर जिनका अहंकार तुष्ट हो रहा है। इस तरह की पनप रही हिंसक मानसिकता के लिए हमारी कानून व्यवस्था के साथ परिवार भी दोशी है। क्योंकि धन के बूते अभिभावक ऐन-केन-प्रकारेण बच्चों को कानूनी शिकंजे से बचा लेते हैं।

आज अभिभावकों की अतिरिक्त व्यस्तता और एकांगिकता जहां बच्चों के मनोवेगों की पड़ताल नहीं करने के लिए दोशी है, वहीं विद्यालय नैतिक और संवेदनशील मूल्य बच्चों में रोपने में सर्वथा चूक रहे हैं। छात्रों पर विज्ञान, गणित और वाणिज्य विशयों की शिक्षा का बेवजह दबाव भी बर्बर मानसिकता विकसित करने के लिए दोशी हैं। आज साहित्यि शिक्षा पाठ्यक्रमों में कम से कमतर होती जा रही है, जबकि साहित्य और समाजशास्त्र ऐसे विशय हैं जो समाज से जुड़े सभी विशयों और पहलुओं का वास्तविक यथार्थ प्रकट कर बाल-मनों में संवेदनशीलता का स्वाभाविक सृजन करने के साथ सामाजिक विशंगतियों से परिचत कराते हैं। इससे हृदय की जटिलता टूटती है और सामाजिक विशंगतियों को दूर करने के कोमल भाव बालमनों में अंकुरित होते हैं। महान और अपने-अपने क्षेत्रों में सफल व्यक्तियों की जीवन-गाथाएं (जीवनियां) व्यक्ति में संघर्श के लिए जीवटता प्रदान करती हैं। लेकिन दुर्भाग्य से हमारे यहां ऐसा कोई पाठ्यक्रम पाठशालाओं में नहीं है, जिसमें कामयाब व्यक्ति की जीवनी पढ़ाई जाती हो ? जीवन-गाथाओं में जटिल परिस्थितियों से जूझने एवं उलझनों से मुक्त होने के सरल, कारगर और मनोवैज्ञानिक उपाय भी होते हैं।

भूमण्डलीकरण के आर्थिक उदारवादी दौर में हम बच्चों को क्यों नहीं पढ़ाते कि संचार तकनीक और ईंधन रसायनों का जाल बिछाए जाने की बुनियाद रखने वाले धीरूभाई अंबानी कम पढ़े लिखे एवं साधारण व्यक्ति थे। वे पेट्रोल पंप पर वाहनों में पेट्रोल डालने का मामूली काम करते थे। इंफोसिस के संस्थापक नारायण मूर्ति ने अपने व्यवसाय की शुरूआत मात्र दस हजार रूपए की छोटी-सी रकम से की थी और आज अपनी व्यावसायिक दक्षता के चलते अरबों का कारोबार कर रहे हैं। दुनिया में कम्प्यूटर के सबसे बड़े उद्योगपति बिल गेट्स पढ़ने में औसत दर्जे के छात्र थे? कामयाब लोगों के शुरूआती संघर्श को पाठ्यक्रमों में स्थान दिया जाए तो पढ़ाई में औसत हैसियत रखने वाले छात्र भी हीनता-बोध की उन ग्रंथियों से मुक्त रहेंगे जो अवचेतन में क्षोभ, अवसाद और संवेदनहीनता के बीज अनजाने में ही बो देती हैं। नतीजतन छात्र तनाव व अवसाद के दौर में विवेक खोकर हत्या, आत्महत्या अथवा बलात्कार जैसे गंभीर आपराधिक कारनामे कर डालते हैं। वैसे भी सफल एवं भिन्न पहचान बनाने के लिए व्यक्तित्व में दृढ़, इच्छाशक्ति और कठोर परिश्रम की जरूरत होती है, जिसका पाठ केवल कामयाब लोगों की जीवनियों से ही सीखा जा सकता है।

शिक्षा को व्यवसाय का दर्जा देकर निजी क्षेत्र के हवाले छोड़कर हमने बड़ी भूल की है। ये प्रयास शिक्षा में समानता के लिहाज से बेमानी हैं। क्योंकि ऐसे ही विरोधाभासी व एकांगी प्रयासों से समाज में आर्थिक विशमता बढ़ी है। यदि ऐसे प्रयासों को और बढ़ावा दिया गया तो विशमता की यह खाई और बढ़ेगी ? जबकि इस खाई को पाटने की जरूरत है। यदि ऐसा नहीं किया गया तो शिक्षा केवल धन से हासिल करने का हथियार रह जाएगी ? जिसके परिणाम कालांतर में और भी घातक व विस्फोटक होंगे। समाज में सवर्ण पिछड़े, आदिवासी व दलितों के बीच आर्थिक व सामाजिक मतभेद बढ़ेंगे जो वर्ग संघर्श के हालातों को आक्रामक व हिंसक बनाएंगे। यदि शिक्षा के समान अवसर बिना किसी जातीय, वर्गीय व आर्थिक भेद के सर्वसुलभ होते हैं तो छात्रों में नैतिक मूल्यों के प्रति चेतना, संवेदनशीलता और पारस्परिक सहयोग व समर्पण वाले सहअस्तित्व का बोध पनपेगा, जो सामाजिक न्याय और सामाजिक संरचना को स्थिर बनाएगा।

वैसे मनोवैज्ञानिकों की मानें तो आमतौर से बच्चे आक्रामकता और हिंसा से दूर रहने की कोशिश करते हैं। लेकिन घरों में छोटे पर्दे और मुट्ठी में मोबाइल पर परोसी जा रही हिंसा और सनसनी फैलाने वाले कार्यक्रम इतने असरकारी साबित हो रहे हैं कि हिंसा का उत्तेजक वातावरण जहां-तहां विकृत रूप लेने लगा है। यह बालमनों में संवेदनहीनता का बीजारोपण कर रहा है। मासूम और बौने से लगने वाले कार्टून चरित्र भी पर्दे पर बंदूक थामे दिखाई देते हैं, जो बच्चों में आक्रोश पैदा करने का काम करते हैं। अतएव स्क्रीन पर निरंतर दिखाई जा रही हिंसक वारदातों के महिमामंडन पर अंकुश लगाया जाना जरूरी है। यदि बच्चों के खिलौनों का समाजशास्त्रीय एवं मनोवैज्ञानिक ढंग से अध्ययन किया जाए तो हम पाएंगे की हथियार और हिंसा का बचपन में अनाधिकृत प्रवेश हो चुका है।

सबसे ज्यादा नकारात्मक बात है कि हमने न तो पारंपरिक ज्ञान-विज्ञान को उपयोगी माना और न ही शिक्षा के सिलसिले में महात्मा गांधी व गिजुभाई बधेका जैसे शिक्षाशास्त्रियों के मूल्यों को तरजीह दी। शिक्षा आयोगों की नसीहतों को भी आज तक अमल में नहीं लाया गया। अभी भी यदि हम वैश्विक संस्कृति और अंग्रेजी शिक्षा के मोह से उन्मुक्त नहीं होते हैं तो शिक्षा परिसरों में हिंसक घटनाओं में और इजाफा होगा? इनसे निजात पाना है तो जरूरी है कि तनावपूर्ण स्थितियों में सामंजस्य बिठाने, महत्वाकांक्षा को तुष्ट करने और चुनौतियों से सामना करने के कौशल को शैक्षिक पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए। गांधी व गिजुभाई के सिद्धांतों को शिक्षा का मानक माना जाए। गुरुजन भी अकादमिक उपलब्धियों के साथ बाल मनोविज्ञान का पाठ पढ़ें ? इसे भक्त कवि सूरदास की कृष्ण की बाल लीलाओं से भी सीखा जा सकता है। जिससे शिक्षक बालकों के चेहरे पर उभरने वाले भावों से अंतर्मन खंगालने में दक्ष हो सकें? -लेखक, साहित्यकार और वरिष्ठ पत्रकार हैं

## विदेश की खबरें

### ट्रंप ने भारतीय-अमेरिकी हरमीत ढिल्लों को नागरिक अधिकारों के लिए सहायक अटॉर्नी जनरल नामित किया

**वाशिंगटन :** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय मूल की अमेरिकी हरमीत ढिल्लों को सोमवार को न्याय विभाग में नागरिक अधिकारों के लिए सहायक 'अटॉर्नी जनरल' नामित किया। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ सोशल' पर घोषणा की, 'मुझे अमेरिकी न्याय विभाग में नागरिक अधिकारों के लिए सहायक अटॉर्नी जनरल के रूप में हरमीत के. ढिल्लों को नामित करते हुए खुशी हो रही है।' ट्रंप ने कहा, 'हरमीत देश के शीर्ष चुनावी पैरोकारों में से एक हैं, जो यह सुनिश्चित करने के लिए लड़ रही हैं कि सभी और केवल वैध वोट की गिनती की जाए। वह 'डार्टमाउथ कॉलेज' और 'यूनिवर्सिटी ऑफ वर्जीनिया लॉ स्कूल' से स्नातक हैं और 'यूएस फोर्थ सर्किट कोर्ट ऑफ अपील्स' में कर्मी रही हैं।' नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ने कहा, 'हरमीत सिख धार्मिक समुदाय की एक सम्मानित सदस्य हैं। न्याय विभाग में अपनी नयी भूमिका में हरमीत हमारे संवैधानिक अधिकारों की रक्षक होंगी और हमारे नागरिक अधिकारों एवं चुनाव कानूनों को निष्पक्षता तथा दृढ़ता से लागू करेंगी।'

### नेतन्याहू भ्रष्टाचार के मामले में पहली बार कठघरे में खड़े हुए, गवाही दी

**तेल अवीव :** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कथित भ्रष्टाचार के मामले में अपने खिलाफ लंबे समय से चल रहे मुकदमे में मंगलवार को पहली बार कठघरे में खड़े होकर गवाही दी। ऐसा उन्होंने तब किया है जब उन्हें युद्ध अपराधों के लिए अंतरराष्ट्रीय गिरफ्तारी वारंट का सामना करना पड़ा है और गाजा में भी लड़ाई जारी है। यह पहली बार है कि जब किसी मौजूदा इजराइली प्रधानमंत्री ने एक आपराधिक प्रतिवादी के रूप में कठघरे में खड़े होकर गवाही दी। यह एक ऐसे राजनेता के लिए शर्मनाक है जिसने एक परिष्कृत और सम्मानित राजनेता के रूप में अपनी छवि बनाने की कोशिश की है। गवाही देना शुरू करने पर नेतन्याहू ने न्यायाधीशों को 'हैलो' कहा।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 11 दिसम्बर, बुधवार, 2024, विक्रम सम्वत् 2081, मार्गशीर्ष शुक्लपक्ष एकादशी, 25:08 तक, नक्षत्र : रेवती, 05:56 तक, योग : वरीघा, 18:39 तक, सूर्योदय: 6:07, सूर्यास्त: 16:53 चन्द्रोदय : 13:26, चन्द्रास्त: 01:34, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : वृश्चिक, चन्द्र राशि : मीन, राहू काल : 11:29 से 12:49

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि के लोगों को लाभ होगा और आपके लिए परिश्रम की आवश्यकता है। आपको काफी मेहनत काफी करनी पड़ेगी और सफलता प्राप्त करने में काफी मशक्कत करनी पड़ेगी।

**वृष :** वृषभ राशि के लोगों को करियर और कारोबार के मामले में कोई बड़ा फैसला लेना पड़ सकता है। अधिक उत्साह और तत्परता से कार्य बिगड़ सकता है।

**मिथुन :** मिथुन राशि के लोगों का दिन परेशानियों से भरा होगा। आपको पारिवारिक मामलों में पैसे से जुड़ा कोई फैसला आज लेना पड़ सकता है। मान सम्मान भी बढ़ेंगे।

**कर्क :** कर्क राशि वालों का दिन शुभ है और आपके लिए शुभ योग बन रहे हैं। आपको परिश्रम के बाद वांछित लाभ होगा। दूर की यात्रा भी करनी पड़ सकती है।

**सिंह :** सिंह राशि के लोगों को लाभ होगा। सभी काम समय पर बनते नज़र आएंगे। अच्छे दिनों का संयोग मन को प्रफुल्लित करेगा। खर्च पर नियंत्रण रखना जरूरी है।

**कन्या :** कन्या राशि के लोगों को आर्थिक मामलों में सफलता प्राप्त होगी और आपकी तरक्की के लिए शुभ योग बन रहे हैं। आपके लिए उत्सवों और त्यौहार में सम्मिलित होने के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला :** तुला राशि के लोगों को करियर के मामले में लाभ होगा और कारोबार में आपकी योजनाएं एक के बाद एक सफल हो जाएंगी। एक के बाद एक मामले सुलझते चले जायेंगे।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि के लोगों को करियर के मामले में लाभ होगा और आपके दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। जटिल कार्यों को आप समय से पूरा कर लेंगे और आपको सफलता प्राप्त होगी।

**धनु :** धनु राशि के लोगों के लिए करियर के मामले में परेशानियों से भरा हो सकता है। आपके प्रभाव और उत्साह में वृद्धि होगी और आपकी तरक्की होगी। आपका कोई शुभ संदेश आने से उत्साह बढ़ेगा।

**मकर :** मकर राशि के लोगों का दिन करियर के मामले में सफलता से भरा होगा और आपका दिन परिवार के लोगों के साथ आनंद में बीतेगा। आपको मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा।

**कुम्भ :** कुंभ राशि के लोगों को करियर के मामले में लाभ होगा और किसी पर व्यर्थ के संदेह और तर्क वितर्क में समय और धन की हानि होगी। नियोजित कार्यक्रम भी सफल होंगे।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए किसी नए काम की शुरुआत करने के लिए करने के लिए अच्छा रहेगा। आपकी संतान को करियर में चल रही समस्याओं से काफी हद तक राहत मिलेगी।

## वर्ग पहेली नं. 2942

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | ■ | | ■ | 7 | | |
| 8 | | | ■ | 9 | | 10 | ■ | ■ | |
| | ■ | 11 | 12 | ■ | 13 | | 14 | ■ | |
| 15 | 16 | ■ | 17 | | | ■ | 18 | 19 | |
| ■ | 20 | 21 | | ■ | ■ | 22 | | | ■ |
| 23 | ■ | | ■ | 24 | | | ■ | 25 | 26 |
| 27 | | | | | ■ | ■ | 28 | | |
| | ■ | | ■ | 29 | | | | ■ | |

➲ **बायें से दायें:-** 1) छँटा; स्वीकृत; चयनित, 2) निगहबान; संतरी, 6) घना, 7) श्वासावरोध, 8) झिझकू; अनुत्साही; टालमटेलू, 9) उड़ती खबर, 11) लिए; संज्ञा; व्यक्ति का संबोधन, 13) पल्ला, 15) भालु, 17) भिड़ंत, 18) असत्य, 20) सस्ता; अल्पभार, 22) एक संख्या, 24) विस्तीर्ण, 25) सूर्यास्त-सूर्योदय काल, 27) चमकीला, 28) समुद्रतल में भूकंप के कारण बनी महोर्मि, 29) जो सूखा न हो; पल्लवयुक्त.

➲ **ऊपर से नीचे:-** 1) लगाई बुझाई; पट्टी पढ़ाई; कानभराई, 2) शिक्षित, 3) जिसके पास कोई वस्तु बंधक रखी जाय, 4) श्रीराम, 5) असंख्य, 6) दफ़नाना, 10) दो चार; छिटपुट, 12) घड़ा, 14) शहर, 16) एक संख्या, 19) फहराना, 21) दौड़ना; झपटना; कुलाँचना, 22) एक तरल स्निग्ध पदार्थ, 23) झंझट, 24) विलगाव; वियोग, 26) शिष्टाचार, 28) मदिरा.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| त | ड़ | प | ■ | ■ | ■ | पु | खा | रा | ज |
| ■ | ■ | रि | श्व | त | खो | र | ■ | शि | ला |
| प्र | त्यं | चा | ■ | न्म | ■ | खा | ल | ■ | व |
| या | ■ | रि | आ | य | त | ■ | ह | न | न |
| स | र | का | र | ■ | रं | ■ | सु | र | ■ |
| ■ | खा | ■ | पा | ■ | ग | ब | न | ■ | ए |
| सि | वा | ■ | र | मा | ■ | ह | ■ | ता | क |
| ता | ली | म | ■ | द | ह | क | ना | ■ | मा |
| र | ■ | स | टी | क | ■ | ना | म | मा | त्र |

## सुडोकू-पहेली-2902

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | | 3 | | | |
| | | | 2 | | | | 7 | |
| | | 4 | | | | 6 | | |
| | | | | 1 | 4 | | | |
| | | | | | | | 3 | |
| 7 | | | | | | | | |
| | 5 | | | | | 1 | | 8 |
| 2 | | | 7 | 5 | | | | |
| | | | | | | 4 | | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 2901 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 2 | 1 | 8 | 6 | 9 | 4 | 5 | 3 |
| 8 | 4 | 5 | 2 | 7 | 3 | 6 | 1 | 9 |
| 9 | 6 | 3 | 5 | 1 | 4 | 8 | 2 | 7 |
| 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 7 | 1 |
| 5 | 1 | 4 | 9 | 2 | 7 | 3 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 |
| 2 | 3 | 7 | 6 | 4 | 5 | 1 | 9 | 8 |
| 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 5 | 3 | 2 |
| 1 | 5 | 8 | 3 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 |

# मंदारमणि में 24 जनवरी तक नहीं तोड़े जा सकेंगे अवैध होटल, हाईकोर्ट ने बढ़ाई रोक की अवधि

❑ गत 11 नवंबर को जिला प्रशासन ने अवैध होटलों को तोड़ने का दिया था आदेश

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता हाईकोर्ट ने पूर्व मेदिनीपुर के मंदारमणि में अवैध होटलों को ध्वस्त करने के जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर रोक की अवधि बढ़ा दी है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जय सेनगुप्ता ने मंगलवार को कहा कि 24 जनवरी तक कोई कार्रवाई नहीं की जा सकती। इस मामले की अगली सुनवाई 17 जनवरी को होगी। उल्लेखनीय है कि गत 11 नवंबर को जिला प्रशासन ने मंदारमणि में अवैध होटलों को तोड़ने का आदेश दिया था। आदेश के खिलाफ जब मंदारमणि होटल मालिक संघ ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया तो न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा ने 22 नवंबर को जिला आयुक्त के आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी थी। न्यायाधीश ने 13 दिसंबर तक रोक बरकरार रखने का आदेश दिया था। इस बीच, अदालत ने पूर्व मेदिनीपुर के जिला मजिस्ट्रेट को इस मामले पर चार दिसंबर तक विस्तृत रिपोर्ट सौंपने का भी आदेश दिया था। मामले की सुनवाई मंगलवार को होनी थी। लेकिन, जस्टिस अमृता सिन्हा की अनुपस्थिति के कारण सुनवाई टल गई। कोर्ट सूत्रों के मुताबिक, जस्टिस सिन्हा अब पोर्ट ब्लेयर बेंच में हैं। परिणामस्वरूप, उनकी अनुपस्थिति में न्यायमूर्ति सेनगुप्ता ने 24 जनवरी तक मंदारमणि में अवैध होटलों के तोड़ने के संबंध में कोई कार्रवाई नहीं करने का आदेश दिया। 11 नवंबर को तटीय विनियमित क्षेत्र प्रबंधन प्राधिकरण (सीआरजेड) की जिला समिति ने मंदारमणि और चार निकटवर्ती मौजा में कुल 144 होटल, लॉज, रिसार्ट और होम स्टे को ध्वस्त करने का आदेश दिया था। पूर्व मेदिनीपुर के जिला मजिस्ट्रेट पूर्णेंदु माजी ने आदेश दिया कि उन सभी अवैध निर्माणों को 20 नवंबर तक ध्वस्त कर दिया जाना चाहिए। प्रशासन के सूत्रों के मुताबिक राष्ट्रीय पर्यावरण न्यायालय ने 2022 में भी इन अवैध होटलों को ध्वस्त करने का आदेश दिया था, क्योंकि होटल तटीय नियमों का पालन किए बिना बनाए गए थे। इसके बाद मंदारमणि होटल एसोसिएशन ने जिला प्रशासन के आदेश के खिलाफ हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया।



# कोलकाता में फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़, 19 गिरफ्तार

## फ्लैट से ढेर सारे मोबाइल, लैपटॉप बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता पुलिस ने शहर में एक बड़े फर्जी कॉल सेंटर रैकेट का पर्दाफाश किया है और इस मामले में 19 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार की रात अचानक छापा मारकर यह कार्रवाई की। मंगलवार को पुलिस की ओर से जारी बयान के अनुसार, यह रैकेट लोगों को एक एंटी-मैलवेयर ऐप डाउनलोड करने का झांसा देकर ठगता था। जैसे ही पीड़ित इस ऐप को अपने डिवाइस पर इंस्टॉल करते थे, उनका सारा डेटा हैक कर लिया जाता था। इसके बाद, पीड़ितों के बैंक खातों से भारी धनराशि गायब हो जाती थी। इस धोखाधड़ी की शिकायत एक पीड़ित ने पुलिस से की थी, जिसके आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि यह फर्जी कॉल सेंटर दक्षिण कोलकाता के बालीगंज इलाके के एक फ्लैट से संचालित हो रहा था। इसके बाद, पुलिस की एक टीम ने सोमवार की रात फ्लैट पर छापा मारा और वहां से 19 लोगों को गिरफ्तार किया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने कई लैपटॉप, मोबाइल और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए हैं। फ्लैट को सील कर दिया गया है। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार लोग केवल कर्मचारी हो सकते हैं, जबकि इस रैकेट के असली मास्टरमाइंड अभी भी पर्दे के पीछे से इसे चला रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार, इस रैकेट का शिकार न केवल भारत के लोग बने, बल्कि विदेशों में भी लोगों को ठगा गया। गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ की जा रही है ताकि रैकेट के असली सरगनाओं तक पहुंचा जा सके।



## एसईटी परीक्षा के लिए 15 दिसंबर को नियमित सप्ताह के दिनों की तरह चलेंगी लोकल



**कोलकाता, समाज्ञा :** वेस्ट बंगाल कॉलेज सर्विस (एसईटी) परीक्षा इस रविवार 15 दिसंबर को होने वाली है। परीक्षा के कारण परीक्षार्थियों एवं यात्रियों की भीड़ बढ़ेगी। इस अपेक्षित भारी भीड़ को संभालने के लिए पूर्व रेलवे के हावड़ा डिवीजन और सियालदह डिवीजन ने 15 दिसंबर यानी रविवार को नियमित सप्ताह के दिनों के रूप में ईएमयू लोकल ट्रेन सेवाओं को चलाने की व्यवस्था की है, जो सुबह 07:00 बजे से शाम 16:00 बजे तक चलेगी।

## हावड़ा स्टेशन पर विशेष मजिस्ट्रेट चेकिंग अभियान में रेलवे का बढ़ा राजस्व

**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा स्टेशन पर मंगलवार को एक विशेष मजिस्ट्रेट चेकिंग अभियान चलाया गया। रेलवे मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में चलाया गया यह अभियान 14:00 बजे से 16:00 बजे तक चला। जिसे एक अच्छी तरह से समन्वित टीम द्वारा समर्थित किया गया। इस टीम में 24 टीटीई के साथ सीटीआई (सामान्य), 16 टीई के साथ सीटीआई (आउटडोर), 15 आरपीएफ कर्मचारियों के साथ एक आरपीएफ इंस्पेक्टर और 4 जीआरपीएफ कर्मचारी शामिल थे। इस अभियान का उद्देश्य रेलवे नियमों का पालन सुनिश्चित करना, बिना टिकट यात्रा को हतोत्साहित करना और यात्रियों के बीच जवाबदेही की संस्कृति को बढ़ावा देना था। इस दो घंटे की कार्रवाई के दौरान बिना टिकट यात्रा और अनियमित यात्रा जैसे उल्लंघनों के लिए कुल 196 मामले दर्ज किए गए। इस ऑपरेशन के दौरान व्यवस्था बनाए रखने में आरपीएफ और जीआरपीएफ टीमों की सक्रिय भागीदारी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हावड़ा डिवीजन द्वारा यात्री अनुभव को बढ़ाने और राजस्व बढ़ाने के लिए समय-समय पर ऐसे विशेष अभियान चलाया जाता है।



## मैनेजिंग डायबिटीज फॉर ए हेल्थियर लाइफ जीवन में स्वास्थ्य के लिये उपयोगी

**कोलकाता :** लायन्स इंटरनेशनल जिला 322 बी1 एवम् बी2 द्वारा मैनेजिंग डायबिटीज फॉर ए हेल्थियर लाइफ का विमोचन गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में लायन देशप्रिय पार्क में किया गया। कार्यक्रम के संयोजक कोलकाता सिटीजन्स फोरम के समाजसेवी राजेन्द्र खंडेलवाल, पुरुषोत्तम अग्रवाल, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर बी1 सलोनी साल्वी, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर बी2 विजय जोधानी, डी सी डायबिटीज बी1 लीला मुरारका, डी सी डायबिटीज बी2 रमेश अग्रवाल एवम् लायन बंधुओं ने डॉक्टर बिजय पाटनी द्वारा लिखित पुस्तक मैनेजिंग डायबिटीज फॉर ए हेल्थियर लाइफ को जीवन में स्वास्थ्य के लिये उपयोगी बताया। लायन सुभाष मुरारका ने बताया बिजय पाटनी ने मधुमेह (डायबिटीज) से जीवन सुरक्षा के लिये लाइफस्टाइल, पौष्टिक भोजन एवम् मधुमेह से सुरक्षा की उपयोगी जानकारियां पुस्तक में दी है। उन्होंने कहा नागरिकों का ब्लड शुगर - ग्रुप, ब्लड प्रेशर परीक्षण भी किया गया। कार्यक्रम में मरणोपरांत नेत्र दान की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा जीवन में व्यायाम, तैराकी, योग तथा कम कैलोरी आहार के माध्यम से शरीर के सही वजन को बनाए रखना, तले हुए खाद्य पदार्थों के सेवन से परहेज करना, फल और अधिक फाइबर वाले पौष्टिक भोजन का सेवन करना, नियमित रूप से मॉर्निंग वॉक करना एवम् सक्रिय रहना डायबिटीज से सुरक्षा के लिये जरूरी है। पीडीजी पी एल शाह, लायन रोशन ड्रोलिया, इंद्राणी चौधरी, विनीता झुनझुनवाला, ओ पी बांगड़, मोहनलाल अग्रवाल, एस एस राजपूत, चेतन जैन एवम् लायन बन्धु सक्रिय रहे।




## स्मार्टफोन के अत्यधिक उपयोग का नकारात्मक प्रभाव को लेकर भारतीय बच्चे माता-पिता से अधिक जागरूक

**कोलकाता, समाज्ञा :** विश्वसनीय ग्लोबल स्मार्टफोन ब्रांड वीवो ने साइबरमीडिया रिसर्च (सीएमआर) के साथ मिलकर अपने छठे संस्करण के स्विच ऑफ रिसर्च स्टडी के रिजल्ट्स का अनावरण किया। 'इंपैक्ट ऑफ स्मार्टफोन ऑन पेरेंट चाइल्ड रिलेशनशिप्स' (स्मार्टफोन का माता-पिता-बच्चे के रिश्तों पर प्रभाव) शीर्षक से, स्टडी दिखाती है कि अत्यधिक और अनियंत्रित स्मार्टफोन उपयोग बच्चों और उनके माता-पिता के बीच रिश्ते को प्रतिकूल रूप से प्रभावित कर रहा है। छह साल पहले लॉन्च किया गया, वीवो का स्विच ऑफ कैंपेन जिम्मेदारी से स्मार्टफोन के उपयोग की वकालत करता है, परिवारों को वास्तविक जीवन में रिश्तों को प्राथमिकता देने के लिए प्रोत्साहित करता है। यह पहल भारत में एक दशक की सफलता का जश्न मनाते हुए वीवो की बेहतर रिश्तों को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दिखाती है। स्टडी के अनुसार, माता-पिता और बच्चे दोनों एक-दूसरे के साथ घनिष्ठ संबंध चाहते हैं, लेकिन कोई भी अपनी अत्यधिक और निरर्थक स्मार्टफोन आदतों पर अंकुश लगाने को तैयार नहीं है।



## स्वर्गीय झीनकारदेवी बाफना का एम.पी बिड़ला आई बैंक के सहयोग से हुआ नेत्रदान

**कोलकाता, समाज्ञा**

अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद की शाखा तेरापंथ युवक परिषद साउथ हावड़ा के सहयोग से स्वर्गीय श्रीमती झीनकारदेवी बाफना का मरणोपरांत पारिवारिक जनों की सहमति से एम.पी बिड़ला आई बैंक के सहयोग से नेत्रदान हुआ। हावड़ा दक्षिण तेयुप के नेत्रदान प्रभारी आदेश चोरडिया ने जानकारी देते हुए बताया कि स्व. झीनकारदेवी बाफना धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में रुचि रखने वाली सरल व्यक्तित्व की धनी थी। उनका 81 वर्ष की आयु में देहावसान हो गया। गुलाब जी, प्रकाश जी बैद की प्रेरणा से पारिवारिक जनों ने नेत्रदान जैसे महादान का महनीय कार्य किया है। तेयुप अध्यक्ष गगन दीप बैद ने बताया कि अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश डागा व महामंत्री अमित नाहटा के नेतृत्व में नेत्रदान के क्षेत्र में पूरे भारत और नेपाल में अपनी 353 शाखा परिषदों के सहयोग से नेत्रदान के क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करती है, अब तक 1950 से भी ज्यादा लोगों का मृत्युपरांत नेत्रदान करवाया जा चुका है। अभातेयुप नेत्रदान राष्ट्रीय सह प्रभारी सुनील जैन दुगड़ ने बताया कि नेत्रदान में आंखें नहीं बल्कि उनके नीचे कॉर्निया की हल्की सी परत निकाली जाती है जो किसी भी प्रकार शारिरिक ढांचे को प्रभावित नहीं करती। मृत्युपरांत छह घंटे के अंदर नेत्रदान करने वाले को आई बैंक की मदद से संपादित करवाना होता है।






कोलकाता के एक कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे राजस्थान सरदारशहर के माननीय विधायक पंडित अनिल भंवरलाल शर्मा व नगर पालिका उप चैयरमेन अब्दुल रसीद खान चायल का कोलकाता हवाई अड्डे में स्वागत करते हुए सरदारशहर परिषद के सदस्यगण।

## पूर्व रेलवे ने स्कूली छात्रों की सक्रिय भागीदारी से यूटीएस ऐप को बढ़ावा देने के लिए की पहल

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा डिवीजन ने स्कूली छात्रों की सक्रिय भागीदारी से यूटीएस ऐप को लोकप्रिय बनाने की दिशा में पहला कदम उठाया है। यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप को बढ़ावा देने के लिए आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में अजीमगंज स्टेशन पर अजीमगंज राय बुध सिंह बहादुर हाई स्कूल (एचएस) और कटवा स्टेशन पर कटवा के नानागर के सेंट जोसेफ इंग्लिश मीडियम स्कूल के छात्रों की सक्रिय भागीदारी रही। इस अभियान का उद्देश्य यात्रियों को अनारक्षित टिकट, प्लेटफॉर्म टिकट और सीजन टिकट बुक करने के लिए यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप का उपयोग करने की आसानी और सुविधा से परिचित कराना है। इस डिजिटल समाधान के उपयोग को प्रोत्साहित करके, यह पहल कागज रहित टिकटिंग को बढ़ावा देती है, समय की बचत करते हुए पर्यावरणीय प्रभाव को कम करती है और परेशानी मुक्त यात्रा सुनिश्चित करती है। यह सहयोगी आउटरीच भारत सरकार के डिजिटल इंडिया मिशन के अनुरूप है और डिजिटल परिवर्तन को बढ़ावा देने के लिए हावड़ा डिवीजन की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।



## मंगलवार से रात्रि मेट्रो टिकटों पर नहीं लगेगा सरचार्ज

**कोलकाता :** यात्रियों की सुविधा के लिए कवि सुभाष (न्यू गरिया) से दमदम और इसके विपरीत 22:40 बजे मेट्रो सेवाओं की एक विशेष जोड़ी चलाई जा रही है। इन सेवाओं के लिए प्रत्येक टिकट पर यात्री द्वारा यात्रा की गई दूरी की परवाह किए बिना 10 रुपए का सरचार्ज लगाने का निर्णय कुछ तकनीकी कारणों से स्थगित कर दिया गया है। पहले, यह सूचित किया गया था कि यह अधिभार आज यानी 10 दिसंबर, 2024 से लगाया जाएगा। इस अधिभार की शुरुआत की तारीख बाद में सूचित की जाएगी।

## वीवो का स्विच ऑफ कैंपेन अपने छठे एडिशन के साथ लौटा

**कोलकाता, समाज्ञा :** वीवो इंडिया ने गर्व के साथ स्विच ऑफ कैंपेन का छठा एडिशन पेश किया है। जिसमें परिवारों से आग्रह किया गया है कि वे अपने स्मार्टफोन से दूर रहें और साथ मिलकर अपने परिवार वालो के साथ अच्छे और यादगार पलों का आनंद लें। एफसीबी इंडिया द्वारा बनाए गए एक दिलचस्प वीडियो के साथ यह कैंपेन वीवो-साइबर मीडिया रिसर्च (सीएमआर) के स्टडी 2024 में माता-पिता-बच्चे के रिश्तों पर स्मार्टफोन का प्रभाव के छठे एडिशन से जानकारी हासिल करता है। स्टडी से पता चलता है कि 10 में से 8 बच्चे माता-पिता के 'स्मार्टफोन उपयोग' के लिए 'पैरेंटल कंट्रोल' की मांग करते हैं। सर्वे में यह भी पाया गया कि 69% बच्चे अत्यधिक स्मार्टफोन उपयोग को अपने और अपने माता-पिता के बीच संघर्ष का कारण मानते हैं। स्टडी से यह भी पता चला कि 86% माता-पिता को लगता है कि स्मार्टफोन के ज्यादा उपयोग की वजह से वे अपने बच्चों के साथ बेहतर तरीके से जुड़ नहीं पाते है।

## कोलकाता में 19 से 21 दिसंबर तक होगा एबीवीपी का 42वां राज्य सम्मेलन



❑ 20 दिसंबर को संगठन की ओर से एक विशाल रैली भी निकाली जाएगी

**कोलकाता, समाज्ञा :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) का 42वां राज्य सम्मेलन 19 से 21 दिसंबर तक गिरीश पार्क स्थित बिन्नानी भवन में आयोजित होगा। इस सम्मेलन में दक्षिण बंगाल के विभिन्न जिलों और विश्वविद्यालयों से करीब 400 प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। 20 दिसंबर को संगठन की ओर से एक विशाल रैली भी निकाली जाएगी, जो तिलोत्तमा की स्मृति और अधूरी न्याय की मांग के उद्देश्य से आयोजित की जाएगी। इस बारे में, जानकारी देते हुए एबीवीपी के राज्य सचिव अनिरुद्ध सरकार ने मंगलवार को कहा कि आठ साल बाद कोलकाता में इतने बड़े स्तर पर राज्य सम्मेलन हो रहा है। आरजीकर घटना के न्याय की मांग और राज्य के सभी कॉलेज-विश्वविद्यालयों में छात्र संघ चुनाव समेत शिक्षा जगत की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए यह सम्मेलन और रैली आयोजित की जा रही है। हमारा उद्देश्य शिक्षा क्षेत्र की चुनौतियों को दूर करना है।

## संसद में बेरोजगारी, महंगाई, मणिपुर संकट, बंगाल के साथ भेदभाव पर होनी चाहिए चर्चा : सुष्मिता देव

**नई दिल्ली/कोलकाता :** संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान मंगलवार को लोकसभा और राज्यसभा में सत्ता पक्ष और विपक्ष ने एक-दूसरे पर जमकर आरोप-प्रत्यारोप लगाए। शोर-शराबे के कारण दोनों सदनों की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। तृणमूल कांग्रेस की राज्यसभा सांसद सुष्मिता देव ने कहा कि बेरोजगारी, मूल्य वृद्धि, मणिपुर संकट और पश्चिम बंगाल के साथ हो रहे भेदभाव पर चर्चा न होने और सत्ता पक्ष के शोर-शराबे के कारण तृणमूल सांसदों ने सदन से वॉकआउट किया। तृणमूल सांसद ने संसद भवन परिसर में कहा कि मंगलवार को राज्यसभा से तृणमूल कांग्रेस ने वॉकआउट किया। कुछ प्रमुख मुद्दे हैं जिन पर हम लगातार आवाज उठा रहे हैं। बेरोजगारी, मूल्य वृद्धि, मणिपुर संकट और पश्चिम बंगाल के साथ हो रहे भेदभाव पर चर्चा होनी चाहिए। लेकिन बीजेपी इन पर चर्चा नहीं चाहती। अब, अगर उप सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है, तो यह हमारा संवैधानिक अधिकार है और यह संसदीय नियमों के तहत आता है। इस पर, बीजेपी ने शोर मचाया और मामले को बढ़ा दिया। यह सब इसलिए हो रहा है ताकि अविश्वास प्रस्ताव को दबाया जा सके और लोगों के मुद्दों को नजरअंदाज किया जा सके। इस विरोध में आज तृणमूल कांग्रेस ने सदन से वॉकआउट किया। विपक्ष गठबंधन के नेतृत्व के बारे में उन्होंने कहा कि 'इंडिया' ब्लॉक में कई पार्टियां हैं। विभिन्न पार्टियों के अलग-अलग दृष्टिकोण हो सकते हैं, खासकर नेतृत्व को लेकर वे अपनी राय रख रहे हैं। लेकिन जो भी निर्णय होगा, वह 'इंडिया' ब्लॉक की बैठक में ही लिया जाएगा। एक सच्चाई यह भी है कि अगर बीजेपी को चुनावों में बार-बार हार का सामना कराने वाला कोई है, तो वह ममता बनर्जी हैं। आप लोकसभा चुनाव के परिणाम देख लीजिए, या फिर छह उपचुनावों के नतीजे देखिए। यह स्पष्ट है कि ममता के खिलाफ बीजेपी बंगाल में लगातार हार रही है।



## भारत का सबसे तेज स्मार्टफोन आईकू 13, 11 दिसंबर से बिक्री के लिए उपलब्ध

**कोलकाता, समाज्ञा :** आईकू ने अपने नए वैरिएंट आईकू 13 के लॉन्च के साथ मोबाइल इंडस्ट्रीज के स्टैंडर्ड्स को हाई रखा हुआ है। यह फ्लैगशिप डिवाइस उन लोगों के लिए जबरदस्त परफॉरमेंस, कटिंग-एज फीचर, प्रीमियम डिजाइन के साथ आती है, जिन्हें सिर्फ अच्छे ब्रांड चाहिए। आईकू 13 अत्याधुनिक क्वालकॉम स्नैपड्रैगन 8 एलीट चिपसेट से लैस है, जो 3 मिलियन से अधिक का प्रभावशाली अंतुतु स्कोर स्कोर प्रदान करता है। 51,999 रुपये के इफेक्टिव प्राइस से शुरू होने वाला आईकू 13, 11 दिसंबर, दोपहर 12 बजे से वीवो एक्सक्लूसिव स्टोर्स, आईकू ई-स्टोर और अमेजन पर उपलब्ध होगा। आईकू 13 खरीदने पर, ग्राहक एचडीएफसी और आईसीआईसीआई बैंक के क्रेडिट/डेबिट कार्ड से 3 हजार रुपये की फ्लैट डिस्काउंट या 3 हजार रुपये का एक्सचेंज बोनस पा सकते हैं, साथ ही 9 महीने तक के लिए नो-कॉस्ट ईएमआई पर भी पा सकते हैं। आईकू 13 वीवो एक्सक्लूसिव स्टोर्स और अन्य मेनलाइन स्टोर्स पर भी उपलब्ध होगा।

## कोटक सिक्योरिटीज ने जारी किया 2025 के लिए मार्केट आउटलुक

**कोलकाता :** कोटक सिक्योरिटीज लिमिटेड ने मंगलवार को 2025 के लिए अपनी मार्केट आउटलुक रिपोर्ट जारी की। इस रिपोर्ट में मैक्रो-इकोनॉमिक दृष्टिकोण के साथ-साथ इक्विटी, कमोडिटी और करेंसी आउटलुक को भी शामिल किया गया है, जिन पर निवेशक आने वाले साल में ध्यान दे सकते हैं। कोटक सिक्योरिटीज मार्केट आउटलुक 2025 रिपोर्ट में 2025 के लिए मुख्य प्रवृत्तियों और प्रभावों का विवरण दिया गया है। मध्यम से दीर्घकालिक में व्यापक बाजार में हल्की वृद्धि की उम्मीद है। घरेलू बुनियादी स्थिति मजबूत बनी रहेगी, लेकिन सतर्क आशावाद की समय की आवश्यकता है। कोटक सिक्योरिटीज के एमडी और सीईओ, श्रीपाल शाह ने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में अपनी स्थिति बनाए हुए है, जो इसे वैश्विक निवेशकों के लिए एक आकर्षक निवेश स्थान बनाता है।

## खोया हुआ कार्टून बॉक्स मेट्रो ने यात्री को लौटाया

**कोलकाता :** सोमवार को लगभग 10:15 बजे, साहिद खुदीराम मेट्रो स्टेशन पर तैनात एक ऑन-ड्यूटी आरपीएफ कर्मचारी ने नियमित गश्त करते समय प्लेटफ़ॉर्म की बैठने की कुर्सी के पास पड़े एक लावारिस कार्टून बॉक्स को बरामद किया और उसे स्टेशन के स्टेशन मास्टर के कार्यालय में जमा कर दिया। कार्टून बॉक्स को खोलने पर उसमें कुछ कीमती सामान मिला।

इसके बाद, स्टेशन मास्टर ने कार्टून बॉक्स के मालिक से स्टेशन मास्टर के कार्यालय से इसे लेने का अनुरोध करते हुए बार-बार घोषणा की और सभी स्टेशनों को एक नियंत्रण संदेश भी भेजा गया।

कुछ समय बाद लगभग 10:28 बजे एक यात्री साहिद खुदीराम मेट्रो स्टेशन के स्टेशन मास्टर के कार्यालय में आया और बरामद कार्टून बॉक्स और उसमें मौजूद सामान का स्वामित्व होने का दावा किया। उचित सत्यापन और सभी आधिकारिक औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद, कार्टून बॉक्स उसे सौंप दिया गया।

उसने खोए हुए कार्टून बॉक्स को वापस पाने में मदद करने के लिए मेट्रो रेलवे अधिकारियों के प्रति अपना हार्दिक आभारव्यक्तकिया।



## पूर्व रेलवे के कार्यशाला और रोलिंग स्टॉक की उपलब्धियों से बढ़ती है यात्रियों की सुविधा

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के लिए यात्रियों की सुविधा हमेशा से प्राथमिकता रही है। कार्यशालाओं में नवीन प्रगति और रणनीतिक उन्नयन के माध्यम से यात्रियों तक लाभ पहुंचाना जारी रखता है। रेलवे के हाल की उपलब्धियों में देश भर में लाखों यात्रियों के लिए बेहतर सुरक्षा, आराम और तेज यात्रा सुनिश्चित की गई है। इसी के रूप में नॉन-एसी कोचों में अग्निशामक यंत्रों की स्थापना की गई है। एसी कोचों और पेंट्री/पावर कारों में लगे एफएसडीएस यात्री की सुरक्षा सुनिश्चित करती है। वहीं, 22 ट्रेनों को 130 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलाने के लिए अपग्रेड किया गया, जिससे यात्रा का समय कम हो गया। पुराने आईसीएफ रेकों को आधुनिक एलएचबी कोचों में परिवर्तित किया गया। हाई-स्पीड ऑटोमोबाइल कैरियर (एनएमजीएचएस) की शुरूआत की गई। जिससे माल के तेज परिवहन और लॉजिस्टिक चुनौतियों को आसान बनने में मदद मिलती है।

पूर्व रेलवे की कार्यशालाओं ने अपनी क्षमता और नवीनता का प्रदर्शन करते हुए कई मील के पत्थर हासिल किए हैं। जमालपुर कार्यशाला ने बुनियादी ढांचे के रखरखाव में सुधार के लिए उच्च अश्वशक्ति (एचएचपी) लोकोमोटिव का अपना पहला आवधिक ओवरहाल किया और एक नई 8-पहिया डीजल इलेक्ट्रिक टॉवर कार का निर्माण किया। लिलुआ वर्कशॉप ने एलएचबी कोचों के मिड-लाइफ रिहैबिलिटेशन में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिससे एक महत्वपूर्ण ओवरहाल पहल की शुरुआत हुई और 63 आईसीएफ कोचों को हाई-स्पीड ऑटोमोबाइल कैरियर में परिवर्तित किया गया। ये उपलब्धियां संचालन को आधुनिक बनाने और समग्र दक्षता बढ़ाने के लिए रोलिंग स्टॉक विभाग की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।

## दक्षिण पूर्व रेलवे माल ढुलाई में कर रहा है निरंतर वृद्धि



**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण पूर्व रेलवे ने चालू वित्तीय वर्ष, 2024-25 के पहले 8 महीनों (यानी अप्रैल-नवंबर) में 138.84 मिलियन टन मूल माल ढुलाई की है, जो पिछले वित्तीय वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 1.89% अधिक है। पिछले वित्तीय वर्ष की समान अवधि की तुलना में अप्रैल-नवंबर, 2024-25 में मूल माल ढुलाई राजस्व में भी 3.03% की वृद्धि हुई है। अप्रैल-नवंबर 2024 के दौरान, प्रारंभिक माल ढुलाई से राजस्व सृजन रुपये के मुकाबले 12630.51 करोड़ रुपये रहा है। पिछले वर्ष की समान अवधि में यह 12266.53 करोड़ रुपये था। उपरोक्त अवधि के दौरान दपूरे ने 36.46 मिलियन टन कोयला लोड किया है, जो पिछले वित्तीय वर्ष के इसी महीने की तुलना में 6.61% अधिक है। माल लदान की अन्य प्रमुख वस्तुएं लौह अयस्क, कच्चा लोहा और तैयार इस्पात, सीमेंट, खाद्यान्न, उर्वरक आदि थी।

# यूएनएचआरसी को बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों पर ध्यान देना चाहिए : इस्कॉन

## बांग्लादेश की अंतरिम सरकार से अशांति फैलाने वाले कट्टरपंथियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग

**कोलकाता, समाज्ञा**

अंतराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ (इस्कॉन) ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआ-रसी) से बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों पर ध्यान देने का मंगलवार को आग्रह करते हुए कहा कि मानवाधिकारों का ऐसा उल्लंघन अत्यंत दुखद है। कोलकाता इस्कॉन के प्रवक्ता राधारमण दास ने कहा कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार को वहां अशांति फैलाने वाले कट्टरपंथियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए और वहां के अल्पसंख्यकों को भरोसा दिलाने के लिए उन उपद्रवियों को गिरफ्तार करना चाहिए। उन्होंने मानवाधिकार दिवस के अवसर पर यह टिप्पणी की है। दास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि जागो, संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद, कम से कम मानवाधिकार दिवस के दिन तो जागो। बांग्लादेश में जारी मानवाधिकार उल्लंघनों के प्रति आपकी चुप्पी और आंखें मूंद लेना अत्यंत दुखद और हृदय विदारक है। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका और ब्रिटेन जैसे देशों के सांसदों ने बांग्लादेश में हो रहे अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठाई, लेकिन यूएनएचआरसी ने अभी तक इस मुद्दे पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। दास ने बांग्लादेश में इस्कॉन और हिंदू अल्पसंख्यकों को धमकी देने वाले एक कट्टरपंथी का वीडियो साझा करते हुए कहा कि बांग्लादेशी अल्पसंख्यकों के खिलाफ नरसंहार की इस खुली धमकी को सुनिए और जाग जाइए। जागरण स्वतंत्र रूप से इस वीडियो की प्रामाणिकता की पुष्टि नहीं करता है। दास ने कहा कि बांग्लादेश स्थित इस्कॉन सभी लोगों को उनकी धार्मिक मान्यताओं के बावजूद सेवा और भोजन प्रदान करता है जैसा कि वह दुनिया के कई अन्य देशों में करता है। दास ने कहा कि हम केवल यह चाहते हैं कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों और इस्कॉन की सुरक्षा हो।

# बांग्लादेश की मौजूदा यूनुस सरकार को शुभेंदु अधिकारी ने गैरकानूनी बताया



**कोलकाता, समाज्ञा :** बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हो रही हिंसाओं पर बीजेपी नेता शुभेंदु अधिकारी ने चिंता व्यक्त करते हुए बड़ा विवादित बयान दिया है। बीजेपी नेता शुभेंदु अधिकारी ने मौजूदा यूनुस सरकार को गैरकानूनी सरकार बताते हुए कहा कि आज भी शेख हसीना लीगल तौर पर बांग्लादेश की पीएम है। बांग्लादेश की वर्तमान अंतरिम सरकार गैरकानूनी और असंवैधानिक है। बांग्लादेश में हिंसाओं के चलते बंगाली हिंदू घबराए हुए हैं। बीजेपी नेता ने कहा कि बांग्लादेश को हमने बनाया है। 17 हजार सैनिकों ने अपने प्रणों का बलिदान देकर मुजीबुर्रहमान की रक्षा की। बीजेपी नेता ने बांग्लादेश की मौजूदा यूनुस सरकार को कट्टरपंथियों और आतंकियों की सरकार तक करार दिया। उन्होंने आगे कहा कि अगर हसीना सरकार को गलत तरीके से हटा दिया है। उन्हें हटाना होता तो उन्हें लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव के जरिए हटाना चाहिए था। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि यूएस और भारत समेत मानवतावादी देश सामने आकर गैरकानूनी युनुस सरकार को उखाड़ फेंकेंगे। शुभेंदु अधिकारी ने कहा आज भी कानूनी रूप से शेख हसीना बांग्लादेश की पीएम है। वह प्रधानमंत्री के तौर पर ही ढाका एयरपोर्ट पर उतरेंगे। उन्हें सम्मान के साथ सलामी दी जाएगी। शुभेंदु अधिकारियों ने बांग्लादेश के कट्टरपंथियों पर निशाना साधते हुए कहा कि हिंदुओं पर हिंसा ना करें।

### ममता ने शैलेन मन्ना के नाम पर सड़क के नामकरण की घोषणा

**हावड़ा, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शहर के मुख्य सड़कों में से एक ड्रेनेज कैनाल रोड का नाम बदलकर दिवंगत फुटबॉलर शैलेन मन्ना के नाम पर रखने और रोड की बदहाल स्थिति को ठीक करने का निर्देश दिया है। मंगलवार की दोपहर दीघा जाने के लिए ममता डुमुरजला हेलीपैड पहुंचीं। हेलीकॉप्टर पर बैठने से पहले ममता ने ड्रेनेज कैनाल रोड का नाम बदलकर शैलेन मन्ना सरणी रखने के लिए कहा। उन्होंने यह भी कहा कि नाम बदलने के साथ इस रोड को सुधारा भी जाये। वहीं, पत्रकारों द्वारा बांग्लादेश के बारे में पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बारे में अब कुछ नहीं कहना है। मुझे जो कहना था, सोमवार को कह चुकी हूं। मुख्यमंत्री के इस घोषणा के बाद ही डीएम डॉ दीपाप प्रिया, पुलिस आयुक्त प्रवीण त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारियों ने ड्रेनेज कैनाल रोड के दोनों लेन का निरीक्षण किया। वहीं, इस बारे में पूछे जाने पर निगम आयुक्त डॉ सुजय चक्रवर्ती ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद डीएम सहित अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की गयी है। निश्चित तौर पर मुख्यमंत्री के आदेश का पालन होगा। डॉ चक्रवर्ती ने कहा कि रोड के किनारे सौंदर्यीकरण की जायेगी और दुकानें भी खोली जायेंगी।

### एसईटी परीक्षा के लिए 15 दिसंबर को नियमित सप्ताह के दिनों के रूप में चलेगी ईएमयू सेवा

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने पश्चिम बंगाल कॉलेज सेवा (एसईटी) परीक्षा के लिए 15 दिसंबर यानी रविवार को नियमित सप्ताह के दिनों के रूप में ईएमयू लोकल ट्रेन सेवाओं को चलाने की व्यवस्था की है। हावड़ा डिवीजन और सियालदह डिवीजन इस दिन परीक्षार्थियों और यात्रियों की अपेक्षित भारी भीड़ को पूरा करने के लिए नियमित सप्ताह के दिनों के रूप में ईएमयू लोकल ट्रेन सेवाओं को चलाएगा। जो सुबह 07:00 बजे से 16:00 बजे तक चलेंगी।

# राज्य में करीब 180 बांग्लादेशी जेल में, होम में चार नाबालिग भी नजरबंद

**कोलकाता :** राज्य में बाल-ुरघाट जेल में फिलहाल करीब 180 बांग्लादेशी नागरिक बंद हैं। इसके अलावा, बालुरघाट होम में 18 वर्ष से कम उम्र के चार बांग्लादेशी नाबालिग हैं। पिछले एक साल में भारत में घुसपैठ करने के आरोप में कितने बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया गया है, इसकी कोई रिपोर्ट बीएसएफ या जिला पुलिस सूत्रों के पास नहीं है।

जिले की 252 किमी से अधिक सीमा बांग्लादेश से लगती है, जबकि करीब 35 किमी की आधिकारिक सीमा पर विभिन्न कारणों से अभी तक कंटीले तारों से बाड़ नहीं लगाई गई है। हालांकि निजी क्षेत्र के तौर पर यह संख्या केवल हिल्ली ब्लॉक के 60 किलोमीटर के करीब है। अंदर सुरक्षा के साथ, पूरे जिले में 35 किमी से भी कम दूरी दिखाई देती है जहां कंटीले तारों की बाड़ लगाना संभव नहीं है।

पश्चिम बंगाल की विभिन्न जेलों में फंसे बांग्लादेशी नागरिकों को उनकी सजा समाप्त होने के बाद बहरामपुर सेंट्रल जेल ले जाया गया और एक साथ वापस बांग्लादेश भेज दिया गया। लेकिन बांग्लादेश में नई सरकार आने के बाद यह प्रक्रिया पूरी तरह से बंद हो गई है। परिणामस्वरूप, बांग्लादेशी नागरिक जिनकी शर्तें समाप्त हो चुकी हैं, उन्हें राज्य की लगभग हर सुधार सुविधा में बंद कर दिया गया है। दक्षिण दिन-ाजपुर जिला प्रशासन के सूत्रों के अनुसार, वे अपने देश लौटने में सक्षम नहीं हैं।

# भाजपा ने बंगाल में सदस्यता अभियान की समय सीमा बढ़ाई

❑ **31 दिसंबर तक एक करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य**



**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल में भाजपा की राज्य इकाई ने अपने सदस्यता अभियान के लिए निर्धारित समय सीमा बढ़ा दी है। अब नए एक करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य 15 दिसंबर से बढ़ाकर 31 दिसंबर कर दिया गया है। प्रदेश भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सोमवार की देर शाम तक दिल्ली में पार्टी के केंद्रीय पर्यवेक्षक सुनील बंसल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में यह निर्णय लिया गया है। बैठक में प्रदेश भाजपा के लोकसभा और राज्यसभा सांसद शामिल हुए। पार्टी सूत्रों के अनुसार, राज्य के 14 सांसदों में से 10 ने बैठक में भाग लिया। जो सांसद बैठक में उपस्थित नहीं हो सके, उनमें दार्जिलिंग से राजू बिष्ट, अलीपुरद्वार से मनोज टिग्गा, तमलुक से अभिजीत गांगुली और राज्यसभा सांसद अनंत महाराज शामिल हैं। पार्टी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने जानकारी दी कि बंगाल विधानसभा में भाजपा के विधायकों के साथ इस महीने अलग बैठक होने की संभावना है। इस बैठक में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी को सदस्यता अभियान को तेज करने में अहम भूमिका निभाने की जिम्मेदारी दी जा सकती है। पार्टी ने पहले 15 दिसंबर तक एक करोड़ नए सदस्य जोड़ने का लक्ष्य रखा था, लेकिन अब तक केवल एक-चौथाई लक्ष्य ही पूरा हो पाया है। इसी स्थिति को देखते हुए बीजेपी के केंद्रीय नेतृत्व ने समय सीमा को बढ़ाने का फैसला किया। बैठक में सुनील बंसल ने सांसदों से कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में नेटवर्किंग पर ध्यान केंद्रित करें। इसका उद्देश्य न केवल सदस्यता अभियान को गति देना है, बल्कि बूथ स्तर पर संगठन को भी मजबूत बनाना है। पार्टी सूत्रों का कहना

# जोड़ाबागान में लापरवाह कार को रोकने गए ट्रैफिक सार्जेंट की पिटाई

## नशे में धुत्त ड्राइवर गिरफ्तार



**कोलकाता :** कोलकाता में ट्रैफिक सार्जेंट पर हमला हो गया। तेज रफ्तार कार रोकने की ड्यूटी पर तैनात ट्रैफिक पुलिस पर पिटाई का आरोप है। जोडाबागान ट्रैफिक गार्ड इलाके में सेंट्रल एवेन्यू की घटना है। आरोपी वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, सुबह सात बजे बनगांव से कोलकाता की ओर जा रही एक कार की रफ्तार काफी तेज थी।गिरीश पार्क के पास ड्यूटी पर तैनात यातायात पुलिस ने तेज रफ्तार वाहन का पीछा किया और वाहन को रोक लिया। इसके बाद अधिकारी की कथित तौर पर पिटाई की गई। यह भी पता चला है कि ड्राइवर नशे में था। गिरीश पार्क जंक्शन के पास आरोपी ड्राइवर का सांस विश्लेषण परीक्षण किया गया। इसके बाद पुलिस ड्राइवर समेत कार को जब्त कर गिरीश पार्क थाने ले गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे एक ट्रैफिक पुलिसकर्मी ने कहा कि ड्राइवर नशे की हालत में है। जब कार रोकी गई तो ड्यूटी पर तैनात ट्रैफिक पुलिस ने उस पर हाथ रख दिया। कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# शांतिपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग पर भयानक दुर्घटना

❑ **खड़ी लॉरी की चपेट में आने से तीन की मौत**



**कोलकाता :** शांतिपुर के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक दर्दनाक हादसे में तीन लोगों की जान चली गई। यह दर्दनाक हादसा मंगलवार सुबह हुआ। एक छोटी मालवाहक कार स्थिर लॉरी के पीछे चली गई और उसे जोरदार टक्कर मार दी। उस छोटी कार में तीन लोग सवार थे। तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। नदिया के शांतिपुर के बाबला बाईपास पर नेशनल हाईवे 12 पर एक लॉरी खड़ी थी। एक छोटा मालवाहक ट्रक उस सड़क से गुजर रहा था। वह कार सीधे जाकर लॉरी के पिछले हिस्से से जा टकराई। कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि वह पलट गई। ड्राइवर कार के अंदर फंस गया। झड़प की आवाज पर आसपास के इलाके से लोग दौड़कर आए । पुलिस को सूचना दी गई। उस कार का मालिक बारासात का रहने वाला शिवानंद पोद्दार था। कार चालक और सहायक सुब्रत विश्वास और रॉबिन घोष तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। उनके शवों को बरामद कर लिया गया और शव परीक्षण के लिए भेज दिया गया। पहले तो उनकी पहचान ज्ञात नहीं थी।बाद में शिवानंद पोद्दार के परिजन शांतिपुर थाने पहुंचे। वे ही शवों की पहचान करते हैं लेकिन ये हादसा क्यों है? सुबह घने कोहरे के कारण दृश्यता कम है। ड्राइवर खड़े वाहन को देखने में सक्षम नहीं हो सकता है। पुलिस ने संभावना जताई है कि हो सकता है कि सुबह ड्राइवर की आंख लग गई हो।

# चोर को जब कुछ नहीं मिला तो चुरा लिए चावल, दाल और अंडे

## आंगनबाड़ी केंद्र से चोरों ने चुराया अनाज



**हुगली :** बालागढ़ थानांतर्गत गुप्तीपाड़ा के आर्यनगर जीएसएफपी स्कूल में चोरी करने के मकसद से घुसे चोरों को जब कुछ कीमती सामान नगदी हाथ नहीं लगा तो चोरों ने आंगनवाड़ी स्कूल में चावल, दाल और अंडे ही चुरा लिए। इस घटना से गुप्तीपाड़ा के लोग स्तब्ध है। मालूम हो कि, गुप्तीपाड़ा आर्यनगर जीएसएफपी स्कूल के एक कमरे में आंगनबाडी केंद्र चलता है। सोमवार की रात मिड डे मिल का सामान रखे कमरे का ताला तोड़कर चावल, दाल और अंडे की चोरी कर ली गयी। मंगलवार सुबह जब शिक्षक स्कूल गए तो मामले की जानकारी हुई। प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक सोमा दास सरकार ने बताया कि चोर ताला तोड़कर घर में घुसे थे। फिर उन्होंने बच्चों के लिए रखे चावल, दाल और अंडे जैसी खाने की चीजें चुरा लीं। समस्त भंडारण खाली कर दिया गया। विद्यालय के मध्याह्न भोजन कक्ष में तोड़फोड़ भी की गई। स्कूल में चोरी की शिकायत मिलने पर बालागढ़ थाने के तहत गुप्तीपाड़ा चौकी की पुलिस मौके पर पहुंची। अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

# सरत सदन में स्मार्ट पेरेंटिंग पर आयोजित कार्यशाला में 920 माता-पिता ने लिया हिस्सा



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के सरत सदन में स्मार्ट पेरेंटिंग पर एक भव्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में 920 माता-पिता ने हिस्सा लिया। यह कार्यक्रम आधुनिक दौर की पेरेंटिंग चुनौतियों पर विचार और समाधान जानने के लिए आयोजित किया गया था। इस कार्यशाला को प्रसिद्ध लाइफ कोच और मोटिवेशनल ट्रेनर एस.सी. दुबे और प्रख्यात क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट सौभाग्य लक्ष्मी दत्त ने संचालित किया। कार्यशाला में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई, जिनमें सोशल मीडिया की लत, त्रुटिपूर्ण पेरेंटिंग प्रथाएं, गुस्से के प्रकोप को संभालना, और बच्चों पर अत्यधिक स्क्रीन समय का नकारात्मक प्रभाव शामिल थे। वक्ताओं ने इन समस्याओं को प्रभावी ढंग से संभालने के लिए व्यावहारिक समाधान साझा किए। कार्यशाला की शुरुआत में, एस.सी. दुबे ने माता-पिता और बच्चों के बीच मजबूत संवाद बनाने के महत्व पर जोर दिया। वहीं, सौभाग्य लक्ष्मी दत्त ने अपनी प्रस्तुति में पेरेंटिंग के मनोवैज्ञानिक पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया।

यह कार्यशाला इंटरएक्टिव रही, जिसमें माता-पिता ने सक्रिय रूप से चर्चा की, अपने अनुभव साझा किए, और व्यक्तिगत चुनौतियों पर मार्गदर्शन मांगा। वक्ताओं ने सहानुभूति के साथ उनके सवालों का जवाब दिया और अनुकूल सलाह दी। कार्यक्रम को माता-पिता और प्रतिभागियों से काफी सराहना मिली। उन्होंने आयोजकों की प्रासंगिक मुद्दों पर गहराई और स्पष्टता के साथ चर्चा करने की सराहना की।

# बांग्लादेश से एक दिन में निपट सकती है भारतीय सेना : राहुल सिन्हा

❑ **भाजपा नेता ने बांग्लादेशी नेता के धमकी पर की टिप्पणी**

**कोलकाता, समाज्ञा :** 'बांग्लादेश का बंगाल, बिहार और ओडिशा पर अधिकार है' वाले बयान पर प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष राहुल सिन्हा ने मंगलवार को प्रतिक्रिया दी। भाजपा नेता ने कहा कि बांग्लादेश की धमकी का कोई मतलब ही नहीं है, भारत चाहे तो अपनी सेना भेजकर बांग्लादेश पर एक दिन में कब्जा कर ले। इसलिए बांग्लादेश की कौन सी पार्टी का नेता क्या बोल रहा है, इसका कोई मतलब नहीं है। लेकिन, फिर भी मैं ममता बनर्जी की बात का समर्थन करता हूं, लेकिन उनकी पार्टी के फिरहाद हकीम, सिद्धिकुल्ला चौधरी ने, मुर्शिदाबाद के विधायक ने जिस तरह की बातें कही हैं, ऐसी बातें सांप्रदायिकता फैलाने का काम कर रही हैं। मैं ममता बनर्जी से कहना चाहता हूं कि वह पार्टी नेताओं को ऐसे बयान देने से रोकें। 'इंडिया' ब्लॉक में नेतृत्व को लेकर चल रही खींचतान पर सिन्हा ने कहा कि महाराष्ट्र चुनाव के बाद कोई इंडी एलायंस है ही नहीं। वे लोग आपस में बिखर गए और झगड़ा शुरू हो गया। हुमायूं कबीर के मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद वाले बयान पर उन्होंने कहा कि हुमायूं कबीर अपनी पार्टी से भी अलग हो गया है। एक तरह से उनको पार्टी से निकाल ही दिया गया है। वह जहां पर विधायक थे, उसी जगह पर लोगों ने उनका पुतला जलाया, जूतों से मारा। उनकी पार्टी के लोग ही उनको महत्व नहीं देते हैं तो बाकी कौन महत्व देगा। अब हुमायूं कबीर देख रहा है कि पार्टी में भी उनका कोई महत्व नहीं है, इसलिए वह ऐसी बयानबाजी करके लाइमलाइट में आने चाहते हैं।

# मानव अधिकार दिवस पर बोले अधिकवक्ता सभी को हो कानून की जानकारी

❑ **मानव अधिकार की लड़ाई लड़ने के लिए ली गई शपथ**



**हुगली :** अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर एसएफ ह्यूमैनिटी राइट्स फाउंडेशन की तरफ से सेवड़ाफुली के एसीएम रोड स्थित हरिधाम में संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर संस्था की अध्यक्ष फरीदा खातून, महासचिव सौरव गोपाल मुखर्जी, टाउन प्रेसीडेंट सुजाता देबनाथ, राज्य कमेटी सदस्य संजीब अदक, हुगली जिला सचिव रीता दे विश्वास, अधिवक्ता प्रदीप्त सेन, कानूनी सलाहकार मेघ श्याम गिरी, फरहानाज कुरैशी, हरिनारायण शुक्ला एवं साबिर अली समेत संस्था के तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर मानव अधिकार के विषय में जानकारी दी गई। किस तरह से आज मानव अधिकारों का हनन हो रहा है यह बताया गया और मानव अधिकारों की रक्षा कैसे की जा सकती है। इसका उलंघन करने से क्या दुष्परिणाम होते हैं। इस दिन संस्था के सदस्यों को उनका पहचान पत्र प्रदान किया गया। वहीं, गणमान्य लोगों उतरी और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। अधिवक्ता प्रदीप्त सेन ने कहा कि संस्था समय-समय पर गरीब, पिछड़े प्रताड़ित लोगों की कानूनी व आर्थिक मदद करती है। सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। मानव अधिकारों की रक्षा करने के लिए लड़ाई लड़ी जाती है। इसके बाद बारी बारी से अधिवक्ता और कानूनी सलाहकारों ने अपने अपने वक्तव्य रखे। कानूनी सलाहकार फरहानाज कुरैशी ने कहा कि, संयुक्त राष्ट्र के चार्टर में यह कथन था कि संयुक्त राष्ट्र के लोग यह विश्वास करते हैं कि कुछ ऐसे मानवाधिकार हैं जो कभी छीने नहीं जा सकते, स्त्री-पुरुष के समान अधिकार हैं। इस घोषणा के परिणामस्वरूप संयुक्त राष्ट्र संघ ने 10 दिसंबरप 1948 को मानवाधिकार की सार्वभौमिक घोषणा अंगीकार की। कहा कि पुलिस निरीह लोगों को हिरासत में लेती फिर तीन दिनों तक उसे थाने में रखा जाता है, यह संविधान के परे है। इसलिए सभी को कानून की सही जानकारी होनी चाहिए ताकि लोग अपने और औरों के अधिकार की लड़ाई लड़ सके। कहा कि तरह तरह के गैरकानूनी काम करके लोगों को प्रताड़ित किया जा रहा है। जिसके खिलाफ मानव अधिकार संगठन लड़ाई लड़ रहा है।

### ग्राफीन की शक्ति वाला पुनर्नवीनीकरण एपेक्स अल्टिमा प्रोटेक

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूरे भारत में मकान मालिकों के भरोसेमंद एशियन पेंट्स ने घर की बाहरी दीवारों के लिए अपने प्रमुख पेंट एपेक्स अल्टिमा प्रोटेक (लैमिनेशन पेंट के रूप में भी प्रचलित) को ग्राफीन की शक्ति द्वारा एक उच्च स्तर प्रदान किया है। ग्राफीन एक क्रांतिकारी पदार्थ है, जिससे बेजोड़ सुरक्षा और ताकत मिलती है। यह पुनर्नवीनीकरण पेंट 12 साल की वारंटी के साथ बाहरी दीवालों की सुरक्षा के लिए शीर्ष विकल्प बनकर उभरा है। अब तक का सबसे हल्का लेकिन सबसे मजबूत पदार्थ ग्राफीन अपनी उच्च ताकत, लचीलेपन और स्थायित्व के साथ उद्योगों में बदलाव ला रहा है। ग्राफीन का उन्नत प्रत्यास्थलक (इलास्टोमेरिक) गुण भारतीय घरों के लिए सबसे मजबूत और सबसे विश्वसनीय सुरक्षा है। इस नए अल्टिमा प्रोटेक को जीवंतता प्रदान करने के लिए, एशियन पेंट्स ने ब्रांड एंबेसडर रणबीर कपूर के साथ नये अभियान, द सेफ हाउस की शुरुआत की है।

### शादी घर में खाना बनाते समय सिलेंडर ने पकड़ी आग, मची भगदड़

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के गोलाबाड़ी थानांतर्गत इलाके में एक शादी समारोह के रसोई घर में आग लगने से भगदड़ मच गई। हालांकि, इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। यह घटना 44/1 कालीतला लेन में एक बहुमंजिला शादी घर की छत पर घटी। मिली जानकारी के अनुसार, उस छत पर शादी के खाना बनाया जा रहा था। उसी दौरान अचानक गैस सिलेंडर में आग लग गयी। आग देख लोगों के बीच भगदड़ मच गई। इस बीच खबर मिलते ही मौके पर पहुंची दमकल की एक गाड़ी और गोलाबाड़ी थाने की पुलिस आग बुझाने में जुट गयी। दमकल कर्मी और पुलिस ने आग पर काबू पाकर स्थिति को नियंत्रित किया। इस घटना के बाद से दहशत का माहौल है।

# ईडी ने राज्य के दो जिलों में चलाया तलाशी अभिरान

**कोलकाता/बर्दवान :** प्रवर्तन निद-ेशालय (ईडी) के अधिकारिरों ने मंगलवार को राज्य के दो जिलों में तलाशी अभियान चलाया। मिली जानकारी के अनुसार, केंद्रीय जांच एजेंसी ने मंगलवार की सुबह दक्षिण 24 परगना के भांगड़ ब्लॉक एक और पूर्व बर्दवान जिले के बर्दवान शहर में छापेमारी की। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ईडी के छह अधिकारिरों की टीम ने सुबह करीब 10 बजे भांगड़ के चक बराली इलाके में एक साइबर कैफे पर छापा मारा। वहां केंद्रीय बल भी मौजूद रहे। कैफे को बाहर से केंद्रीय बलों ने घेर लिया और ईडी के अधिकारी अंदर घुसे और तलाशी लेने लगे। हालांकि, ईडी के इस सर्च ऑपरेशन की सही वजह पता नहीं चल पाई है। उल्लेखनीय है कि साइबर कैफे का मालिक जलील मोल्ला नाम का व्यक्ति है। खबर है कि ईडी के कुछ अधिकारी उनके घर भी गये। वहां भी केंद्रीय बलों की मौजूदगी में जांच चल रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि जलील का बालीगाड़ा इलाके में साइबर कैफे है। उन्होंने इसे कई साल पहले शुरू किरा था। उस साइबर कैफे को चलाने के अलावा उन्होंने कोलकाता के कैखाली इलाके में एक और साइबर कैफे भी शुरू किया। दूसरी ओर, पूर्व बर्दवान जिले के बर्दवान शहर के लश्करदिघी इलाके में एक दर्जी के घर पर ईडी ने छापेमारी की। ईडी के पांच अधिकारिरों का एक समूह केंद्रीय बलों के साथ हसन अली के घर पहुंचा। स्थानीय लोगों का दावा है कि हसन दर्जी की दुकान चलाता है। यहां तक कि वह इलाके के अन्य लोगों की तरह सामान्य जीवन भी जीता है। सूत्रों के मुताबिक, हसन अली पिछले दिनों विदेश गरा था। वह कुछ महीनों तक वहां था। फिर, वह बर्दवान स्थित घर लौट आया। तब से वह दर्जी का काम कर रहा है। सूत्रों के मुताबिक, वह विदेश में अवैध सामान लाने-ले जाने का काम करता था। यहां तक कि हसन अली के बेटे के नाम पर बने बैंक खाते में भी बड़ी रकम जमा की गई है। उस सूत्र के आधार पर केंद्रीर जांच एजेंसी के अधिकारियों ने मंगलवार की सुबह से हसन अली के घर की तलाशी शुरू कर दी है। सूत्रों के मुताबिक, ईडी का यह ऑपरेशन पैसा कहां से आया, हसन अली ने विदेश में क्या किया जैसे कई सवालों के जवाब पाने के लिए है।

# स्कूल बस ने पुलिस की गाड़ी को मारी टक्कर

❑ **18 कांस्टेबल घायल, बीटी रोड पर ट्रैफिक से परेशान रहे लोग**

**कोलकाता :** मंगलवार को बी टी रोड पर भयंकर हादसा टल गया। दिन के व्यस्त समय में बीटी रोड पर स्कूल बस ने कोलकाता पुलिस की गाड़ी को टक्कर मार दी।कम से कम 18 कांस्टेबल गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका इलाज सागर दत्ता अस्पताल में चल रहा है। स्कूल बस में कोई छात्र नहीं होने के कारण बड़ा हादसा टल गया। हालांकि हादसे की वजह से सड़क पर भारी ट्रैफिक जाम लग गया लेकिन अब स्थिति नियंत्रण में है। इस दिन दोपहर में बराकपुर बीएसएफ कैंप से कोलकाता पुलिस की गाड़ी कोलकाता के लिए रवाना हुई। अगरपारा में तेंतुलतला जंक्शन के पास एक स्कूल बस ने पुलिस की गाड़ी को टक्कर मार दी। दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। ज्ञात हो कि अगरपाड़ा के पास कोलकाता की ओर बीटी रोड पर सिग्नल पर पुलिस की गाड़ी रुकी। तभी पीछे से स्कूल की गाड़ी ने टक्कर मार दी लेकिन कार किस वजह से टकराई, इसकी जांच की जा रही है। बीएसएफ वाहन में दो महिलाओं सहित 42 कांस्टेबल सवार थे। उनमें से 18 गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें दो महिलाएं भी शामिल हैं। घायलों को इलाज के लिए कमरहाटी सागर दत्ता अस्पताल भेजा गया है। स्कूल बस में कोई छात्र नहीं था। स्कूल बस का ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के कारण बीटी रोड अस्थायी रूप से अवरुद्ध हो गया। सूचना पाकर खड़दह थाने की पुलिस मौके पर आई। क्षतिग्रस्त बस को क्रेन से हटाया गया। इसके बाद बीटी रोड जाम से मुक्त हो गया।

# केंद्र सरकार संसद की 'हत्या' कर रही है : तृणमूल कांग्रेस

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस ने मंगलवार को सरकार पर संसद की 'हत्या' करने और आम आदमी को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर सवालों के जवाब देने से भागने का आरोप लगाया। तृणमूल कांग्रेस की राज्यसभा की उप नेता सागरिका घोष ने भाजपा और केंद्र सरकार पर उच्च संवैधानिक पदों को कार्यपालिका के अधीन करने का आरोप लगाया, वहीं सांसद साकेत गोखले ने दोनों सदनों में बार-बार व्यवधान के लिए सत्तारूढ़ पार्टी को दोषी ठहराया। सागरिका घोष ने कहा कि यह सरकार संसद की हत्या कर रही है। वह भयभीत है क्योंकि उसके पास आम आदमी को प्रभावित करने वाले मुद्दों का उत्तर नहीं है। भाजपा और सरकार उच्च संवैधानिक पदों का दुरुपयोग कर रही हैं और उन्हें कार्यकारी शक्ति के अधीन बना रही हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास राज्यसभा में संख्या बल नहीं है, लेकिन यह लड़ाई उन सभी के खिलाफ है जो हमारी संसदीय प्रणाली को बर्बाद करना चाहते हैं। हमारे संसदीय लोकतंत्र की अखंडता और जनता के प्रत्येक प्रतिनिधि के संवैधानिक अधिकार दांव पर हैं। दूसरी तरफ, गोखले ने सरकार पर आरोप लगाया कि वह 'बढ़ती' महंगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर चर्चा से बचने के लिए जानबूझकर सदनों की कार्यवाही बाधित कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्यसभा के पहले घंटे की कार्यवाही को शून्यकाल कहा जाता है। इसे 'तत्काल महत्व के मामलों को उठाने के लिए नोटिस' के रूप में भी जाना जाता है। शून्यकाल एकमात्र ऐसा समय होता है जब पूरे भारत के सांसद लोगों के मुद्दों को संसद में उठाते हैं। उन्होंने कहा कि चौंकाने वाली बात यह है कि हर दिन सरकार खुद शून्यकाल को बाधित कर रही है और इसे स्थगित करा रही है। आज भी ऐसा ही हुआ। मोदी सरकार सांसदों द्वारा जनता के मुद्दे उठाए जाने से इतनी डरी हुई क्यों है? गोखले ने दावा किया कि सत्तारूढ़ भाजपा महंगाई, बेरोज-गारी, राज्यों के बकाये से वंचित रहने और मणिपुर में हुए नरसंहार के खिलाफ लोगों के बढ़ते गुस्से से बचना चाहती है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने का आरोपी गिरफ्तार, 24 पासपोर्ट बरामद

**कौशांबी (उप्र) :** जिले की करारी थाना पुलिस ने विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने के आरोपी एक व्यक्ति को मंगलवार को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक (एसपी) बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मंगलवार को थाना करारी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर वांछित रेहान उल्ला को किन्हाई नदी के पास से गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा और एक कारतूस, दो मोबाइल फोन, 24 पासपोर्ट, 6800 रुपये नकद और एक कार बरामद की। रेहान उल्लाह करारी थाना में दर्ज मुकदमा में वांछित था। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार रेहान उल्ला पर लोगों को विदेश भेजने के नाम पर उनके साथ धोखाधड़ी करने का आरोप है।

### अवैध रूप से धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में तीन लोग गिरफ्तार

**अमेठी (उप्र) :** अमेठी जिले के रामगंज क्षेत्र में अवैध रूप से धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में पुलिस ने मंगलवार को तीन लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि रविवार रात रामगंज थाना क्षेत्र के अग्रेसर गांव में ग्रामीणों ने गरीब परिवार के लोगों को धन का लालच देकर उनका धर्म परिवर्तन कराने की शिकायत पुलिस से की थी। पुलिस ने इस मामले में तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की थी। उन्होंने बताया कि अग्रेसर निवासी गोविन्द ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि उसके पड़ोस में रहने वाले ओम प्रकाश के घर पर अमेठी कोतवाली के बनबीरपुर निवासी रामलाल कोरी और संग्रामपुर थाना क्षेत्र के टीकरमाफी निवासी संदीप कोरी ईसाई धर्म की प्रार्थना कराने आते हैं जिसमें वह भी कई बार शामिल हुआ था। अधिकारियों ने बताया कि गोविन्द का आरोप है कि ग्रामीणों को धन और सुविधा का लालच देकर ईसाई धर्म अपनाने के लिए कहा जाता है। रामगंज थानाध्यक्ष यजेंद्र पटेल ने बताया कि आरोपी ओम प्रकाश, रामलाल कोरी व संदीप कोरी के खिलाफ अवैध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया।

# जो लोग जोखिम के लिए तैयार नहीं होते, वे पीछे रह जाते हैं : मुख्यमंत्री



**गोरखपुर :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को बदलते समय के साथ तालमेल बिठाने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जो लोग जोखिम के लिए तैयार नहीं होते, वे पीछे रह जाते हैं। आदित्यनाथ ने यहां महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के 92वें संस्थापक सप्ताह समारोह के समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा, ''समय का चक्र बिना किसी की प्रतीक्षा किए निरंतर चलता रहता है। जो लोग जोखिम के लिए तैयार नहीं होते और खुद को ढाल नहीं पाते, वे पीछे रह जाते हैं।'' कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नोबेल पुरस्कार से सम्मानित समाजसेवी कैलाश सत्यार्थी का स्वागत करते हुए आदित्यनाथ ने समाज और राष्ट्र के कल्याण के लिए पहल करने में एकता के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, ''जब हमारे प्रयास सामूहिकता और टीम भावना से प्रेरित होते हैं तो परिणाम स्वाभाविक रूप से समर्पण और तैयारी को दर्शाते हैं। यही सफलता का सही मापदंड होता है।'' मुख्यमंत्री ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में दिमागी बुखार के उन्मूलन को सामूहिक प्रयास और अनुसंधान की शक्ति का उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल में 40 साल से अधिक समय तक दिमागी बुखार का कहर रहा, जिससे 38 जिलों में हजारों बच्चों की मौत हो गयी। आदित्यनाथ ने कहा कि शुरुआती वर्षों में इस क्षेत्र में उचित उपचार सुविधाएं मौजूद नहीं थीं और टीके उपलब्ध होने के बावजूद वायरस ने खुद को ढाल लिया, जिससे संकट और भी विकट हो गया। उन्होंने कहा कि हालांकि 2017 में उनकी सरकार बनने के बाद राज्य और केंद्र सरकारों, यूनिसेफ, स्वास्थ्य संगठनों और विभिन्न सरकारी टीमों के सहयोग से एक मजबूत कार्य योजना बनाई गई।

### बिहार: ट्रक चालकों से रिश्वत लेने के आरोप में यातायात पुलिस के दो कांस्टेबल निलंबित

**पटना :** पटना जिले के बिहटा क्षेत्र में ट्रक चालकों से रिश्वत लेने के आरोप में मंगलवार को यातायात पुलिस के दो कांस्टेबल को निलंबित कर दिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि कांस्टेबल राजेश प्रसाद और सुचित पासवान को निलंबित किया गया है। यह मामला मंगलवार को एक वीडियो के वायरल होने के बाद सामने आया जिसमें दो सिपाहियों को कथित तौर पर ट्रक चालकों से वसूली करते देखा जा सकता है। पटना यातायात पुलिस की ओर से जारी बयान के मुताबिक, ''वीडियो की पुष्टि होने के बाद घटना की जांच के आदेश दिए गए। पुलिस उपाधीक्षक स्तर के अधिकारी द्वारा सौंपी गई रिपोर्ट के आधार पर यातायात पुलिस के दोनों सिपाहियों को निलंबित करने का निर्णय लिया गया। उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।''

## न्यूज अपडेट

### मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना कलेक्ट्रेट के नए भवन का उद्घाटन किया



**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नवनिर्मित ''पटना कलेक्ट्रेट'' (जिला समाहरणालय) के बहुमंजिला आधुनिक भवन का मंगलवार को उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने उद्घाटन के बाद इस बहुमंजिला आधुनिक भवन के परिसर एवं 'बेसमेंट' का मुआयना किया। इस अवसर नवनिर्मित समाहरणालय भवन के बेसमेंट, भूतल से लेकर पांचवे तल तक उपलब्ध कराई गई सुविधाओं एवं पदाधिकारियों के बैठने के लिए की गयी व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों ने ''मॉडल'' के माध्यम से मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। नवनिर्मित पटना समाहरणालय परिसर के एक हिस्से में मुख्य प्रवेश द्वार के समीप, पटना समाहरणालय के पुराने भवन के अंश (8 खंभों) को संरक्षित करने वाले क्षेत्र का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया।

### ट्रक और वैन के बीच टक्कर में सात लोगों की मौत



**हाथरस (उत्तर प्रदेश) :** हाथरस और सिकंदराराऊ के मध्य मंगलवार को एक ट्रक और वैन के बीच हुई टक्कर में सात लोगों की मौत हो गई तथा 14 अन्य जख्मी हो गये। पुलिस ने यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस हादसे पर दुख व्यक्त किया है। सिकंदराराऊ के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) श्यामवीर सिंह ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि यह दुर्घटना हाथरस जंक्शन थाने के तहत आने वाले जैतपुर गांव में हुई, जिसमें सात लोगों की मौत हो गयी। उनकी शिनाख्त की कोशिश की जा रही है। हाथरस के जिलाधिकारी राहुल पांडेय ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''दुर्घटना में सात लोगों की मौत हो गई है। इसमें तीन पुरुष, तीन महिलाएं और एक बच्चा शामिल है।'' उन्होंने बताया कि सात घायलों का हाथरस के जिला अस्पताल में इलाज किया रहा है, जबकि सात अन्य घायलों को इलाज के लिए उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर किया गया है। जिलाधिकारी ने संवाददाताओं को बताया कि वैन एटा की ओर जा रहा था और उसकी टक्कर कूरियर कंटेनर ट्रक से हो गयी। उन्होंने कहा कि वैन में एक परिवार के लोग सवार थे और किसी काम से जा रहे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस घटना पर शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री कार्यालय के आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर एक संदेश में कहा गया, '' मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद हाथरस में मथुरा-कासगंज राजमार्ग पर हुए सड़क हादसे में जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।''

### बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले के खिलाफ झारखंड और असम में प्रदर्शन



रांची/गुवाहाटी : पड़ोसी देश बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर कथित हमलों के विरोध में मंगलवार को झारखंड और असम में विभिन्न संगठनों ने विरोध प्रदर्शन किया। झारखंड की राजधानी रांची में विभिन्न हिंदू संगठनों द्वारा एक विरोध मार्च आयोजित किया या जो मोरहाबादी मैदान से शुरू हुआ और अल्बर्ट एक्का चौक सहित शहर के विभिन्न हिस्सों से गुजरते हुए राजभवन के पास समाप्त हुआ। प्रदर्शन में शामिल लोगों ने तख्तियां ले रखी थी। इस दौरान बांग्लादेश की वर्तमान सरकार के खिलाफ नारे लगाए गए तथा हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास की तत्काल रिहाई तथा हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों को रोकने की मांग की गई। सामाजिक कार्यकर्ता राकेश लाल ने आरोप लगाया कि बांग्लादेश में हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है और मंदिरों में तोड़फोड़ की जा रही है। मार्च के अंत में प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को संबोधित एक ज्ञापन झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार को सौंपा गया।

## आतंकी साजिश मामले में हिज्बुल मुजाहिदीन के एक सदस्य को आजीवन कारावास की सजा

**लखनऊ :** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की एक विशेष अदालत ने मंगलवार को आतंकवादी संगठन हिज्बुल मुजाहिदीन के एक सदस्य को हिंदू मंदिरों पर हमला करने और अन्य आतंकी गतिविधियों की साजिश रचने के लिए विभिन्न अवधि का सश्रम कारावास और उम्र कैद की सजा सुनाई। एनआईए ने एक बयान में बताया कि लखनऊ में विशेष अदालत ने उत्तर प्रदेश और भारत के अन्य हिस्सों में कथित तौर पर आतंकी हमले की आपराधिक साजिश रचने के मामले में असम के होजाई के निवासी कमरूज जमां को दोषी ठहराया और जेल भेज दिया। एनआईए ने 2018 में मामले की जांच लखनऊ के आतंकवाद रोधी दस्ते से अपने हाथों में ले ली थी जिसके बाद दोबारा मामला दर्ज किया गया। इस मामले में ओसामा बिन जावेद समेत पांच आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया गया था। जावेद सितंबर 2019 में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया था। एनआईए ने कहा कि जांच में साबित हुआ कि आरोपी जमां ने सह-आरोपियों के साथ मिलकर कथित तौर पर भारत सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ने की आपराधिक साजिश रची थी और कथित तौर पर विभिन्न हिंदू मंदिरों को निशाना बनाने की फिराक में था।

## बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा को लेकर राजस्थान के राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा



**जयपुर :** बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों पर कथित अत्याचार तथा मानवाधिकार उल्लंघन पर चिंता जताते हुए अनेक प्रतिष्ठित व्यक्तियों की ओर से एक ज्ञापन राजस्थान के राज्यपाल को सौंपा गया है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम इस ज्ञापन में बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रही नियोजित हिंसा को रोकने, उनके मानवाधिकारों की रक्षा करने और शांति सेना भेजने की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के तख्तापलट और मोहम्मद यूनुस के सत्ता में आने के बाद से धार्मिक अल्पसंख्यकों (हिंदू, बौद्ध, सिख, ईसाई आदि) पर अत्याचार चरम पर हैं तथा कट्टरपंथी संगठनों द्वारा हिंदुओं के घरों और धार्मिक स्थलों पर हमले किए जा रहे हैं। ज्ञापन के अनुसार ,इस्कॉन मंदिरों पर हमले और मूर्तियों को अपमानित करने की घटनाएं इसके ज्वलंत उदाहरण हैं। ज्ञापन में बांग्लादेश में मानवाधिकार उल्लंघनों पर रोक लगाने, संयुक्त राष्ट्र प्रतिनिधिमंडल भेजकर स्थिति की जांच कराने और हिंदू समुदाय के पुनर्वास एवं क्षतिपूर्ति की मांग की गई।

## फतेहपुर में नूरी मस्जिद का अवैध निर्माण ढहाया गया



**फतेहपुर (उप्र) :** जिले के ललौली कस्बे की नूरी मस्जिद में हुए अवैध निर्माण को प्रशासन ने मंगलवार को ढहा दिया। बांदा-बहराइच राजमार्ग संख्या-13 के चौड़ीकरण के लिए लोक निर्माण विभाग ने मस्जिद के अवैध निर्माण वाले कुछ हिस्से को हटाने के संबंध में नोटिस दिया था, लेकिन मस्जिद प्रबंधन समिति द्वारा अवैध निर्माण नहीं ढहाया गया था। फतेहपुर के अपर जिलाधिकारी (राजस्व एवं वित्त) अविनाश त्रिपाठी ने कहा, ''मस्जिद में कुछ साल पहले हुए अवैध निर्माण को ढहाया गया है, उसके मूल ढांचे को छुआ तक नहीं गया। लोक निर्माण विभाग ने इसके पहले मस्जिद प्रबंधन समिति को नोटिस दिया था।'' उन्होंने कहा कि नूरी मस्जिद में दो-तीन साल पहले हुए अवैध को लोक निर्माण विभाग ने चिन्हीकरण करने के बाद ढहा दिया है। उनके मुताबिक, लोक निर्माण विभाग ने 17 अगस्त 2024 को मस्जिद प्रबंधन समिति को नोटिस दिया था और 24 सितंबर को आम सहमति से बहराइच-बांदा राजमार्ग संख्या-13 के विस्तारीकरण के लिये अतिक्रमण हटाया गया, लेकिन मस्जिद प्रबंधन ने स्वतः अतिक्रमण नहीं हटाया, लिहाजा मंगलवार को लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में अवैध निर्माण को हटाया गया।

## संभल: हथियार और नशीले पदार्थ बरामदग होने के बाद महिला समेत तीन गिरफ्तार

**संभल :** संभल जिले में पिछले माह जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान हुई हिंसा के बाद एहतियात के तौर पर नखासा और दीपा सराय क्षेत्रों में सोमवार को चलाये गये तलाशी अभियान के दौरान हथियार और नशीले पदार्थ समेत कई आपत्तिजनक सामान बरामद होने के मामले में पुलिस ने एक महिला समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यहां जारी एक बयान में कहा कि मंगलवार को गिरफ्तार किए गए लोगों में नखासा इलाके के रहने वाले अरशद की पत्नी तरन्नुम और दीपा सराय इलाके के मेवर तथा ताजवर शामिल हैं। बयान के मुताबिक, अरशद के घर से 93 पैकेट स्मैक बरामद की गई थी, जबकि ताजवर के घर से 315 बोर की पिस्तौल और मेवर के घर से एक पिस्तौल और दो कारतूस बरामद किए गए। पुलिस अधीक्षक (एसपी) कृष्ण कुमार ने सोमवार को कहा था कि पुलिस टीमों, आरएएफ, रैपिड रिस्पांस फोर्स और प्रांतीय सशस्त्र कांस्टेबुलरी (पीएसी) ने 13 घरों में तलाशी अभियान चलाया था। संभल में अदालत के आदेश पर पिछली 24 नवंबर को शहर के कोट गर्वी इलाके में मुगलकालीन शाही जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान हिंसा हुई थी।



## साहसी की सदा विजय



मेमना

एक बकरी थी। एक उसका मेमना। दोनों जंगल में चर रहे थे। चरते - चरते बकरी को प्यास लगी। मेमने को भी प्यास लगी। बकरी बोली - 'चलो, पानी पी आएँ।' मेमने ने भी जोड़ा, 'हाँ माँ! चलो पानी पी आएँ।'

पानी पीने के लिए बकरी नदी की ओर चल दी। मेमना भी पानी पीने के लिए नदी की ओर चल पड़ा।

दोनों चले। बोलते-बतियाते। हँसते-गाते। टब्बक-टब्बक। टब्बक-टब्बक। बातों-बातों में बकरी ने मेमने को बताया - 'साहस से काम लो तो संकट टल जाता है। धैर्य यदि बना रहे तो विपत्ति से बचाव का रास्ता निकल ही आता है।

माँ की सीख मेमने ने गाँठ बाँध ली। दोनों नदी तट पर पहुँचे। वहाँ पहुँचकर बकरी ने नदी को प्रणाम किया। मेमने ने भी नदी को प्रणाम किया। नदी ने दोनों का स्वागत कर उन्हें सूचना दी, 'भेड़िया आने ही वाला है। पानी पीकर फौरन घर की राह लो।'

'भेड़िया गंदा है। वह मुझ जैसे छोटे जीवों पर रौब झाड़ता है। उन्हें मारकर खा जाता है। वह घमंडी भी है। तुम उसे अपने पास क्यों आने देती हो। पानी पीने से मना क्यों नही कर देती।' मेमने ने नदी से कहा। नदी मुस्कुराई। बोली- 'मैं जानती हूँ कि भेड़िया गंदा है। अपने से छोटे जीवों को सताने की उसकी आदत मुझे जरा भी पसंद नहीं है। पर क्या करूँ। वह जब भी मेरे पास आता है, प्यासा होता है। प्यास बुझाना मेरा धर्म हैं। मैं उसे मना नहीं कर सकती।'

बकरी को बहुत जोर की प्यास लगी थी। मेमने को भी बहुत जोर की प्यास लगी थी। दोनों नदी पर झुके। नदी का पानी शीतल था। साथ में मीठा भी। बकरी ने खूब पानी पिया। मेमने ने भी खूब पानी पिया।

पानी पीकर बकरी ने डकार ली। पानी पीकर मेमने को भी डकार आई।

डकार से पेट हल्का हुआ तो दोनों फिर नदी पर झुक गए। पानी पीने लगे। नदी उनसे कुछ कहना चाहती थी। मगर दोनों को पानी पीते देख चुप रही। बकरी ने उठकर पानी पिया। मेमने ने भी उठकर पानी पिया। पानी पीकर बकरी मुड़ी तो उसे जोर का झटका लगा। लाल आँखों, राक्षसी डील-डौल वाला भेड़िया सामने खड़ा था। उसके शरीर का रक्त जम-सा गया। मेमना भी भेड़िये को देख घबराया। थोड़ी देर तक दोनों को कुछ न सूझा।

'अरे वाह! आज तो ठंडे जल के साथ गरमागरम भोजन भी है। अच्छा हुआ जो तुम दोनों यहाँ मिल गए। बड़ी जोर की भूख लगी है। अब मैं तुम्हें खाकर पहले अपनी भूख मिटाऊँगा। पानी बाद में पिऊँगा।

तब तक बकरी संभल चुकी थी। मेमना भी संभल चुका था।

'छि; छि; कितने गंदे हो तुम। मुँह पर मक्खियाँ भिनभिना रही है। लगता है महीनों से मुँह नहीं धोया। मेमना बोला। भेड़िया सकपकाया। बगले झाँकने लगा।

'जाने दे बेटा। ये ठहरे जंगल के मंत्री। बड़ों की बड़ी बातें। हम उन्हें कैसे समझ सकते हैं। हो सकता है भेड़िया दादा ने मुँह न धोने के लिए कसम उठा रखी हो।' बकरी ने बात बढ़ाई।

'क्या बकती है। थोड़ी देर पहले ही तो रेत में रगड़कर मुँह साफ किया है।' भेड़िया गुर्राया।

'झूठे कहीं के। मुँह धोया होता तो क्या ऐसे ही दिखते। तनिक नदी में झाँक कर देखो। असलियत मालूम पड़ जाएगी।' हिम्मत बटोर कर मेमने ने कहा।

भेड़िया सोचने लगा। बकरी बड़ी है। उसका भरोसा नहीं। यह नन्हाँ मेमना भला क्या झूठ बोलेगा। रेत से रगड़ा था, हो भी सकता है वहीं पर गंदी मिट्टी से मुँह सन गया हो । ऐसे में इन्हें खाऊँगा तो नाहक गंदगी पेट में जाएगी। फिर नदी तक जाकर उसमें झाँककर देखने में भी कोई हर्जा नहीं है। ऐसा संभव नहीं कि मैं पानी में झाँकू और ये दोनों भाग जाएँ। ऊँह, भागकर जाएँगे भी कहाँ। एक झपट्टे में पकड़ लूँगा।

'देखो! मैं मुँह धोने जा रहा हूँ। भागने की कोशिश मत करना। वरना बुरी मौत मारूँगा।' भेड़िया ने धमकी दी। बकरी हाथ जोड़कर कहने लगी, 'हमारा तो जन्म ही आप जैसों की भूख मिटाने के लिए हुआ है। हमारा शरीर जंगल के मंत्री की भूख मिटानै के काम आए हमारे लिए इससे ज्यादा बड़ी बात भला और क्या हो सकती है। आप तसल्ली से मुँह धो लें। यहाँ से बीस कदम आगे नदी का पानी बिल्कुल साफ है। वहाँ जाकर मुँह धोएँ। विश्वास न हो तो मैं भी साथ में चलती हूँ।'

भेड़िये को बात भा गई। वह उस ओर बढ़ा जिधर बकरी ने इशारा किया था। वहाँ पर पानी काफी गहरा था। किनारे चिकने। जैसे ही भेड़िये ने अपना चेहरा देखने के लिए नदी में झाँका, पीछे से बकरी ने अपनी पूरी ताकत समेटकर जोर का धक्का दिया। भेड़िया अपने भारी भरकम शरीर को संभाल न पाया और 'धप' से नदी में जा गिरा। उसके गिरते ही बकरी ने वापस जंगल की दिशा में दौड़ना शुरू कर दिया। उसके पीछे मेमना भी था।

दोनों नदी से काफी दूर निकल आए। सुरक्षित स्थान पर पहुँचकर बकरी रुकी। मेमना भी रुका। बकरी ने लाड़ से मेमने को देखा। मेमने ने विजेता के से दर्प साथ अपनी माँ की आँखों में झाँका। दोनों के चेहरों से आत्मविश्वास झलक रहा था। बकरी बोली --

'कुछ समझे?'

'हाँ समझा।'

'क्या ?

'साहस से काम लो तो खतरा टल जाता है।'

'और?'

'धैर्य यदि बना रहे तो विपत्ति से बचने का रास्ता निकल ही आता है।'

'शाबाश!' बकरी बोली। इसी के साथ वह हँसने लगी। माँ के साथ-साथ मेमना भी हँसने लगा।

## भगवान के भरोसे



सूर्य अस्त हो चला था। आकाश में बादल छाए हुए थे। नीम के एक पेड़ पर ढेर सारे कौवे रात बिताने के लिए बैठे हुए थे। कौवे अपनी आदत के अनुसार, आपस में एक-दूसरे से काँव-काँव करते हुए झगड़ रहे थे। उसी समय एक मैना आई और रात बिताने के लिए नीम के उस पेड़ की एक डाल पर बैठ गई। मैना को देखकर सभी कौवे उसकी ओर देखने लगे।

बेचारी मैना सहम गई। डरते हुए बोली, अँधेरा हो गया है। आसमान मे बादल छाए हुए है। किसी भी समय पानी बरस सकता है। मैं अपना ठिकाना भूल गई हूँ। आज रात भर मुझे भी इस पेड़ की एक डाल के एक कोने में रात बिता लेने दो।

कौवे भला कब उसकी बात मानते। उन्होंने कहा, यह नहीं हो सकता। यह पेड़ हमारा है। तुम इस पेड़ नहीं बैठ सकती हो। भागो यहाँ से।

कौवों की बात सुनकर बड़े ही दीन स्वर में मैना बोली, पेड़ तो सभी भगवान के हैं। यदि बरसात होने लगी और ओले पड़ने लगे, तो भगवान ही सबको बचा सकता है। मैं बहुत छोटी हूँ। तुम लोगों की बहन हूँ। मेरे ऊपर दया करके रात बिता लेने दो।

मैना की बात सुनकर सभी कौवे हँसने लगे। फिर बोले, हम लोगों को तेरी जैसी बहन की कोई जरूरत नहीं है। तू भगवान का नाम बहुत ले रही है, तो भगवान के सहारे यहाँ से जाती क्यों नहीं? यदि तू यहाँ से नहीं जाएगी, तो हम सब मिलकर तुझे मार भगाएँगे। और सभी कौवे मैना को मारने के लिए उसकी ओर दौड़ पड़े।

कौवों को काँव-काँव करते हुए अपनी ओर आते देखकर मैना वहाँ से जान बचाकर भागी। वहाँ से थोड़ी दूर एक आम के पेड़ पर अकेले ही रात बिताने के लिए मैना एक कोने में छिपकर बैठ गई।

रात में तेज हवा चली। कुछ देर बाद बादल बरसने लगे और इसके साथ ही बड़े-बड़े ओले भी पड़ने लगे। ओलों की मार से बहुत से कौवे घायल होकर जमीन पर गिरने लगे। कुछ तो मर भी गए।

मैना आम के जिस पेड़ पर बैठी थी, उस पेड़ की एक डाल टूट गई। आम की वह डाल अन्दर से खोखली थी। डाल टूटने की वजह से डाल के अन्दर के खाली स्थान में मैना छिप गई। डाल में छिप जाने की वजह से मैना को न तो हवा लगी और न ही ओले ही उसका कुछ बिगाड़ पाए। वह रात भर आराम से बैठी रही। सवेरा होने पर जब सूरज निकला, तो मैना उस खोह से निकली और खुशी से गाती-नाचती हुई ईश्वर को प्रणाम किया। फिर आकाश में उड़ चली। मैना को आराम से उड़ते हुए देखकर, जमीन पर पड़े घायल कौवों ने कहा, अरी मैना बहन, तुम रात को कहाँ थीं? तुम्हें ओलों की मार से किसने बचाया?

मैना बोली, मैं आम की डाली पर बैठी ईश्वर से प्रार्थना कर रही थी कि हे ईश्वर! दुखी और असहाय लोगों की रक्षा करना। उसने मेरी प्रार्थना सुन ली और उसी ने मेरी भी रक्षा की।

मैना फिर बोली, हे कौवों सुनो, भगवान ने केवल मेरी रक्षा ही नहीं की। वह तो जो भी उस पर विश्वास करता है और उसकी प्रार्थना करता है, उसे याद करता है, तथा भरोसा करता है, ईश्वर उसकी रक्षा अवश्य ही करता है और कठिन समय में उसे बचाता भी है।

## पुण्यकोटि गाय



कलिंग नामक एक ग्वाला पहाड़ के निकट अपनी गायों के साथ बहुत सुख-सन्तोष से रहता था। उसकी गायों में पुण्यकोटि नाम की एक गाय थी, जो अपने बछड़े को बहुत प्यार करती थी। प्रतिदिन संध्या समय वह रंभाती और दौड़ती हुई घर लौट आती थी।

उसी पहाड़ में एक शेर भी रहता था। एक बार बहुत दिनों तक उसे कुछ खाने को नहीं मिला। उसने एक दिन शाम को पुण्यकोटि गाय को रोक कर कहा 'मैं तुम्हें अपना आहार बनाऊँगा।'

पुण्यकोटि ने शेर से विनय के साथ कहा 'मुझे घर जाने दो, बछड़े को दूध पिलाने के बाद मैं स्वयं तुम्हारे सम्मुख हाजिर हो जाउंगी।'

पहले तो शेर ने उसकी बात न मानी, पर जब पुण्यकोटि ने विश्वास दिलाया कि वह निश्चय ही वापस आने का वचन दे रही है, तो शेर ने कहा 'अच्छा, तुम जा सकती हो, लेकिन अपना वचन निभाना न भूलना।'

गौशाला में बछड़े को दूध पिलाते समय पुण्यकोटि ने उसको वह समाचार दिया और आँखों में आँसू भर कर अपने बछड़े से विदा ली। बाहर निकलते समय उसने बछड़े से कहा 'बेटा, सावधानी से और नम्र भाव से रहना।'

फिर पुण्यकोटि ने अन्य गायों से कहा 'बहनों, मैं तो जा रही हूँ, लेकिन मेरे बछड़े को अपना बच्चा समझकर इसका ध्यान रखना।'

फिर पुण्यकोटि ने शेर के पास जाकर कहा 'लो, मुझे खा लो।'

शेर ने सोचा कि इतनी अच्छी गाय को अपना आहार बना लेना तो बहुत बुरा होगा। यह सोचकर उसने उस गाय को छोड़ दिया और आगे के लिए अन्य सब गायों को भी अभयदान दे दिया।

# कोविड एक अभूतपूर्व आपदा थी, टीकाकरण ने बचाई लोगों की जान : केंद्र ने न्यायालय को बताया

**नयी दिल्ली :** केंद्र ने मंगलवार को उच्चतम न्यायालय में कहा कि कोविड-19 महामारी एक ऐसी आपदा थी जो पहले कभी नहीं हुई और टीकाकरण ने लोगों की जान बचाई। यह दलील तब दी गई जब न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति पी.बी. वराले की पीठ दो महिलाओं की कथित तौर पर टीका लगने से हुई मौत से संबंधित याचिका पर सुनवाई कर रही थी। केंद्र का प्रतिनिधित्व कर रही अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि कोविड एक ऐसी आपदा है जो पहले कभी नहीं हुई। इस पर महिला के माता-पिता का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता कॉलिन गोंजाल्विस ने जवाब दिया,



हम इसका विरोध नहीं कर रहे हैं। हमारी राय इस पर अलग नहीं। दोनों महिलाओं के माता-पिता द्वारा दायर याचिका में दावा किया गया कि कोविशील्ड टीके की पहली खुराक के बाद महिलाओं को टीकाकरण के पश्चात गंभीर प्रतिकूल प्रभाव (एईएफआई) का सामना करना पड़ा। भाटी ने कहा कि शीर्ष अदालत ने कोविड टीकाकरण के पहलू पर समग्र रूप से विचार किया है और एईएफआई के पहलू से निपटने का फैसला दिया है। उन्होंने कहा, आखिरकार, यह संतुलन साधने का सवाल है। कोविड एक ऐसी आपदा थी, जैसी पहले कभी नहीं हुई। कोविड टीकाकरण ने महामारी के दौरान लोगों की जान बचाई है और हमारे पास एक मजबूत नियामक तंत्र है। सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि ये सभी गैरजरूरी मुकदमे हैं। गोंजाल्विस ने कहा कि दोनों याचिकाकर्ताओं ने टीकाकरण के बाद अपनी बेटियों को खो दिया था। पीठ ने टिप्पणी की, इस अदालत ने इस पर (याचिका पर) विचार किया है, हमें इस पर निर्णय करना होगा। भाटी ने कहा कि न्यायालय ने अगस्त 2022 में याचिका पर केंद्र को नोटिस जारी किया था और सरकार का जवाबी हलफनामा रिकॉर्ड में है। गोंजाल्विस ने हालांकि कहा कि यह एक व्यापक मुद्दा है, जो उपचारों के खुलासे के बिना टीके से होने वाली नुकसान से संबंधित है। उन्होंने कहा कि याचिकाकर्ताओं ने राहत खंड में संशोधन की मांग करते हुए एक आवेदन दायर किया था, जिसमें सरकार द्वारा संभावित प्रतिकूल प्रभावों और उसके उपचार को निर्दिष्ट करना शामिल था।

## न्यूज इन ब्रीफ

### अदालत ने मीरा रोड सांप्रदायिक हिंसा मामले में 14 आरोपियों को जमानत दी

**मुंबई :** बंबई उच्च न्यायालय ने अयोध्या में राम मंदिर अभिषेक की पूर्व संध्या पर मीरा रोड में हुई सांप्रदायिक हिंसा में कथित संलिप्तता के लिए गिरफ्तार किए गए मुस्लिम समुदाय के 14 व्यक्तियों को जमानत देते हुए कहा कि उन्हें आगे हिरासत में रखना महत्वहीन प्रतीत होता है। न्यायमूर्ति एन. जे. जामदार की एकल पीठ ने सोमवार को कहा कि प्रथम दृष्टया यह अनुमान नहीं लगाया जा सकता कि इस वर्ष जनवरी में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह मनाने के लिए निकाली गई शोभा यात्रा में शामिल लोगों पर हमला करने की पूर्व नियोजित साजिश थी। पीठ ने यह भी कहा कि किसी भी सीसीटीवी फुटेज में आरोपी व्यक्तियों को शिकायतकर्ता या किसी अन्य पर हमला करते हुए नहीं देखा गया है।

### विभिन्न देशों से 23 भगोड़ों को प्रत्यर्पित कराया गया; अमेरिका 65 प्रत्यर्पण अनुरोधों पर विचार कर रहा

**नयी दिल्ली :** सरकार ने मंगलवार को लोकसभा को सूचित किया कि पिछले पांच वर्ष के दौरान विभिन्न देशों से कुल 23 भगोड़ों को सफलतापूर्वक प्रत्यर्पित कराया गया है। केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने सदन में पूछे गये एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि पिछले पांच वर्ष के दौरान आतंकवादी गतिविधियों में शामिल अपराधियों सहित विभिन्न भगोड़ों के प्रत्यर्पण के लिए 178 अनुरोध किये गये थे, जिसके परिणास्वपरूप 23 भगोड़ों को प्रत्यर्पित कराया गया है। उन्होंने बताया कि विदेश मंत्रालय से प्राप्त रिकॉर्ड के अनुसार, भगोड़े अपराधियों के प्रत्यर्पण के लिए भारत द्वारा 65 अनुरोध अमेरिका को भेजे गये हैं जो वहां विचाराधीन हैं। विदेश मंत्रालय प्रत्यर्पण मामलों के लिए नोडल प्राधिकरण है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री राय ने कहा, ''पिछले पांच वर्ष (01.01.2019 से) के दौरान कुल 23 व्यक्तियों को सफलतापूर्वक प्रत्यर्पण कराया गया है।''

### पंजाब, मप्र, उप्र, बिहार के 90 प्रतिशत से अधिक गांवों को ओडीएफ प्लस का दर्जा मिला: केंद्र

**नयी दिल्ली :** जल शक्ति मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि पंजाब, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और बिहार के 90 प्रतिशत से अधिक गांवों ने 'खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) प्लस' का दर्जा हासिल कर लिया है। जल शक्ति मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। 'ओडीएफ प्लस' स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) के तहत स्वच्छता का एक उन्नत मापदंड है, जिसका उद्देश्य ओडीएफ स्थिति के परिणामों को बरकरार रखना और उन्हें बढ़ाना है। मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान में बताया कि पंजाब और उत्तर प्रदेश ने 98 प्रतिशत गांवों के 'ओडीएफ प्लस' मापदंडों को पूरा करने की जानकारी दी है, जबकि मध्य प्रदेश में 99 प्रतिशत गांव ओडीएफ प्लस मानदंड को पूरा करते हैं, जिनमें 95 प्रतिशत ने 'उन्नत ओडीएफ प्लस मॉडल' का दर्जा प्राप्त किया है। बिहार, हालांकि थोड़ा पीछे है, लेकिन उसके 92 प्रतिशत गांव 'ओडीएफ प्लस' के तहत मापदंडों को पूरा करते हैं।

### अध्ययन में पाया गया कि कोविड टीकाकरण से आकस्मिक मृत्यु का जोखिम नहीं बढ़ा : नड्डा

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने मंगलवार को राज्यसभा में कहा कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के एक अध्ययन ने निर्णायक रूप से प्रमाणित किया है कि कोविड टीकाकरण से भारत में युवा वयस्कों में अचानक मृत्यु का जोखिम नहीं बढ़ा है, बल्कि इसके उलट इसकी आशंका कम हुई है। उन्होंने एक सवाल के लिखित जवाब में उच्च सदन को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कोविड-19 के कारण पूर्व में अस्पताल में भर्ती होना, आकस्मिक मृत्यु का पारिवारिक इतिहास और कुछ जीवनशैली संबंधी व्यवहारों के कारण अचानक मृत्यु की आशंका बढ़ जाती है। नड्डा ने कहा कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद ने सूचित किया है कि पिछले वर्ष मई-अगस्त के दौरान 19 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 47 अस्पतालों में एक अध्ययन किया गया। उन्होंने कहा कि इस विश्लेषण में अचानक मृत्यु के कुल 729 मामलों और 2,916 'कंट्रोल' शामिल किए गए।

## महाराष्ट्र: पुलिस में नौकरी मिलने का जश्न मनाकर लौट रहे चार दोस्तों की सड़क दुर्घटना में मौत

**लातूर (महाराष्ट्र) :** महाराष्ट्र के बीड जिले में एक दोस्त के राज्य रिजर्व पुलिस बल (एसआरपीएफ) में चयन हो जाने पर जश्न मनाकर लौट रहे चार युवकों की मंगलवार तड़के एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि अंबाजोगाई के पास वाघला में एक कार और एक ट्रक के बीच टक्कर हो जाने से चार युवकों की मौत हो गई। एक अधिकारी ने बताया कि करेपुर गांव निवासी अजीम पशमिया शेख (30) का हाल में एसआरपीएफ में चयन हुआ था, इसलिए वह और उसके पांच दोस्त जश्न मनाने के लिए सोमवार रात मंजरसुंभा गए थे। उन्होंने बताया कि मंजरसुंभा से वापस आते समय छत्रपति संभाजीनगर-लातूर रोड पर उनकी कार एक ट्रक से टकरा गई।

## नागपुर-कोलकाता इंडिगो उड़ान में बम होने की अफवाह फैलाने के आरोप में गिरफ्तार व्यक्ति आईबी अधिकारी

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में पिछले महीने नागपुर से कोलकाता जाने वाली इंडिगो की उड़ान में बम होने की अफवाह फैलाने के आरोप में गिरफ्तार किये गये व्यक्ति की पहचान खुफिया ब्यूरो (आईबी) के एक अधिकारी के रूप में हुई है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 14 नवंबर को अनिमेष मंडल नामक व्यक्ति ने चालक दल को विमान में 'बम' होने की जानकारी दी थी जिसके बाद उसे (विमान को) छत्तीसगढ़ के रायपुर हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतारा गया था। विमान में 187 यात्री सवार थे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि विमान की जांच के बाद बम की धमकी झूठी निकली, जिसके बाद मंडल को कथित तौर पर गलत सूचना देने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। मंडल के वकील फैजल रिजवी ने संवाददाताओं को बताया कि उनके मुवक्किल 'आईबी' में डीएसपी रैंक के अधिकारी हैं, जो नागपुर में तैनात हैं तथा वह निर्दोष हैं। रिजवी का कहना था कि वह सूचना साझा करने का अपना काम कर रहे थे। हालांकि, पुलिस ने कहा है कि स्थानीय पुलिस और आईबी की संयुक्त दल ने मंडल से पूछताछ की थी और उनके द्वारा साझा की गई जानकारी फर्जी पाये जाने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। रिजवी ने कहा कि 14 नवंबर को विमान में सवार होने के बाद मंडल को अपने स्रोत से बम के बारे में जानकारी मिली, जिसे उन्होंने विमान के चालक दल के सदस्यों को बताया। उन्होंने सवाल किया कि जब मंडल को गिरफ्तार किया गया तो पुलिस ने यह क्यों नहीं बताया कि वह आईबी का अधिकारी हैं। रायपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह ने कहा कि पुलिस ने उसी दिन आईबी को सूचित कर दिया था तथा आईबी और पुलिस द्वारा संयुक्त पूछताछ के बाद मंडल को गिरफ्तार कर लिया गया।

## 'एक राष्ट्र, एक सदस्यता' योजना एक जनवरी से होगी शुरू, करीब 1.8 करोड़ विद्यार्थियों को होगा लाभ

**नयी दिल्ली :** सरकार द्वारा वित्तपोषित विश्वविद्यालयों और आईआईटी समेत देशभर के उच्च शिक्षण संस्थानों के करीब 1.8 करोड़ छात्र एक जनवरी से दुनिया भर की शीर्ष पत्रिकाओं में प्रकाशित शोध पत्रों तक पहुंच बना सकेंगे। छात्रों को यह लाभ केंद्र सरकार की 'एक राष्ट्र, एक सदस्यता' (वन नेशन, वन सब्सक्रिप्शन) पहल के तहत मिलेगा। केंद्र सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार ए. के. सूद ने मंगलवार को एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बताया कि 'एक राष्ट्र, एक सदस्यता' योजना के पहले चरण के तहत विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, चिकित्सा, गणित, प्रबंधन, सामाजिक विज्ञान और मानविकी पर 13,400 से अधिक अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाएं शोधकर्ताओं के लिए उपलब्ध कराई जाएंगी। सूद ने बताया कि इस पहल के तहत 451 राज्य सार्वजनिक विश्वविद्यालय, 4,864 कॉलेज और 172 राष्ट्रीय महत्व के संस्थान उन 6,380 उच्च शिक्षा और अनुसंधान संस्थानों में शामिल होंगे, जिन्हें एल्सेवियर, स्प्रिंगर नेचर और विले सहित 30 प्रकाशकों द्वारा प्रकाशित शीर्ष पत्रिकाओं तक पहुंच प्राप्त होगी। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग सचिव अभय करादीकर ने कहा, ''इससे पहले, आईआईटी (भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान) या केंद्रीय विश्वविद्यालय जैसे संस्थान विशिष्ट विषयों से संबंधित पत्रिकाओं के एक छोटे समूह की सदस्यता (सब्सक्रिप्शन) लेते थे, लेकिन 'एक राष्ट्र, एक सदस्यता' (ओएनओएस) के तहत, सभी संस्थानों को 13,400 शोध पत्रिकाओं तक पहुंच प्राप्त होगी।''

## सोरोस और अदाणी मुद्दे पर राज्यसभा में हंगामा, कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित

**नयी दिल्ली :** राज्यसभा में मंगलवार को सत्ता पक्ष और विपक्ष ने सोरोस और अदाणी के मुद्दों पर जोरदार हंगामा किया, जिसके बाद उच्च सदन की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सदस्यों ने कांग्रेस तथा उसके नेताओं पर विदेशी संगठनों और लोगों के माध्यम से देश की सरकार तथा अर्थव्यवस्था को अस्थिर करने की कोशिश का आरोप लगाया और इस मुद्दे पर चर्चा कराने की मांग करते हुए हंगामा किया। कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष ने अदाणी समूह से जुड़ा मुद्दा उठाते हुए इस पर चर्चा कराने की मांग की और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। पहली बार के स्थगन के बाद दोपहर 12 बजे सदन की बैठक आरंभ हुई तो सभापति जगदीप धनखड़ की अनुमति से सदन के नेता जे पी नड्डा ने कांग्रेस तथा उसके नेताओं पर विदेशी संगठनों और लोगों के माध्यम से देश की सरकार तथा अर्थव्यवस्था को अस्थिर करने की कोशिश का मुद्दा उठाया। नड्डा ने कहा कि मीडिया पोर्टल 'आर्गनाइज्ड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट' (ओसीसीआरपी) एक ऐसी संस्था है जो भारत को और विभिन्न देशों को अस्थिर करने तथा वहां की संप्रभुता पर चोट पहुंचाने का कुत्सित प्रयास करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि ओसीसीआरपी ने जिन विषयों पर रिपोर्ट की है, उन्हें लोकसभा में विपक्ष के नेता ने उठाकर यह साबित किया है कि वह 'बाहरी शक्तियों का एक तरह से औजार बनकर देश में अस्थिरता लाने में अपना योगदान दे रहे हैं'। नड्डा ने 'फोरम ऑफ डेमोक्रेटिक लीडर्स इन एशिया पैसेफिक' का उल्लेख किया और आरोप लगाया कि इसकी सह-अध्यक्ष कांग्रेस पार्टी की एक वरिष्ठतम नेता हैं। उन्होंने कहा कि यह संस्था भारत की संप्रभुता पर तो प्रश्न उठाती ही है, साथ ही साथ जम्मू-कश्मीर को एक अलग देश के रूप में मानती है।

## न्यूज अपडेट

### राहुल, प्रियंका से मिले संभल के पीड़ित परिवार

**नयी दिल्ली :** उत्तर प्रदेश के संभल में पिछले दिनों हिंसा में जान गंवाने वाले कुछ लोगों के परिजनों ने मंगलवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा से मुलाकात की। यह



मुलाकात कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी के आधिकारिक निवास 10 जनपथ पर हुई। सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस के दोनों प्रमुख नेताओं ने इन पीड़ित परिवारों को ढांढस बंधाया और न्याय के लिए पूरे सहयोग का भरोसा दिया। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी गत चार दिसंबर को संभल के पीड़ितों से मिलने रवाना हुए थे लेकिन उत्तर प्रदेश प्रशासन ने उन्हें रास्ते में रोक दिया था। संभल की एक अदालत ने 19 नवंबर को शहर के कोट पूर्वी मोहल्ले में स्थित मुगलकालीन जामा मस्जिद के सर्वेक्षण का आदेश दिया था और उसी दिन एक टीम ने वहां का सर्वेक्षण किया था। तभी से विवाद पैदा हो गया था। उसके बाद 24 नवंबर को दोबारा सर्वेक्षण के दौरान भड़की हिंसा में चार लोगों की मौत हो गई थी।

### सरकार सदन नहीं चलने दे रही, अदाणी मुद्दे पर चर्चा करने से डरती है: प्रियंका गांधी

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने मंगलवार को आरोप लगाया कि सत्तापक्ष लोकसभा की कार्रवाई नहीं चलने देना चाहता, क्योंकि वह अदाणी मामले पर चर्चा से डरता है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सदन में नहीं आते हैं। वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी ने लोकसभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित होने की बाद संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, ''सरकार सदन को चलने ही नहीं दे रही है। हमारे जो भी प्रदर्शन हैं, ये सुबह 10:30 से 11 बजे के बीच होते हैं। सदन शुरू होते ही हम अंदर चले जाते हैं, लेकिन सत्तापक्ष के लोग कुछ ऐसा करते हैं कि सदन स्थगित हो जाता है। यही इनकी रणनीति है।'' उन्होंने कहा कि (इससे) साफ है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अदाणी मामले पर बहस नहीं करना चाहती, क्योंकि सारी बातें सामने आ जाएंगी। प्रियंका गांधी ने कहा भाजपा अदाणी मामले पर चर्चा से डरी हुई है।

### एनआईए ने लाओस मानव तस्करी मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने लाओस मानव तस्करी मामले में एक फरार आरोपी को गिरफ्तार करके बड़ी सफलता हासिल की है। यह जानकारी एनआईए ने जारी एक बयान में दी। एनआईए के बयान में कहा गया है कि एजेंसी ने दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ की मदद से कामरान हैदर नामक आरोपी को गिरफ्तार किया है। एनआईए ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि कामरान हैदर की गिरफ्तारी अंतरराष्ट्रीय मानव तस्करी गिरोह को खत्म करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उसने कहा कि यह मामला साइबर अपराधों को अंजाम देने हेतु लाओस में लोगों को बंधक बनाने से संबंधित है। हैदर अपने साथी के साथ पीड़ितों के लिए हवाई जहाज के टिकट और दस्तावेजों की व्यवस्था करने तथा स्वर्णिम त्रिभुज (गोल्डन ट्राइंगल) क्षेत्र में अपने संपर्कों की मदद से उन्हें ''अवैध रूप से सीमा पार कराने'' में कथित रूप से सीधे तौर पर शामिल था। 'गोल्डन ट्राइंगल' एक विशाल पर्वतीय क्षेत्र को कहा जाता है जिसमें म्यामां, थाईलैंड और लाओस के कुछ हिस्से शामिल हैं।

### राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने वर्ष 2013 से 5.97 करोड़ राशन कार्ड रद्द किए: सरकार

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने मंगलवार को कहा कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के 'उचित लक्ष्य' को हासिल करने के लिए 2013 से 5.97 करोड़ राशन कार्ड रद्द किए हैं। राज्यसभा में एक लिखित सवाल के उत्तर में, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री निमुबेन जयंतीभाई बंभानिया ने कहा, ''लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (टीपीडीएस)राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 (एनएफएसए) के तहत शासित है और केंद्र, राज्य व केंद्र शासित प्रदेशों की सरकारों की संयुक्त जिम्मेदारी के तहत संचालित होती है।''

## बांग्लादेश में हिंदुओं और अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ सैंकड़ों लोगों ने किया प्रदर्शन

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) समेत विभिन्न संगठनों के सैंकड़ों लोगों ने बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के साथ कथित रूप से हो रहे अत्याचार एवं उनके मावधिकारों के उल्लंघन के विरोध में यहां चाणक्यपुरी में मार्च निकाला। इस विरोध मार्च के मद्देनजर बांग्लादेश उच्चायोग के इर्द-गिर्द सुरक्षा कड़ी कर दी गयी है। यह उच्चायोग चाणक्यपुरी में ही है। प्रदर्शनकारियों के हाथों में तख्तियां थीं जिन पर इस मामले में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद से हस्तक्षेप की मांग की गयी थी। उन्होंने बांग्लादेश से कथित हिंदू नरसंहार रोकने का भी आह्वान किया। ये प्रदर्शनकारी विभिन्न




क्षेत्रों के लोग थे। वीरेंद्र सिंह नामक एक प्रदर्शनकारी ने कहा, ''बांग्लादेश में जो कुछ भी हो रहा है, हम उसे देख रहे हैं। हम पड़ोसी देश में अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों की निंदा करते हैं। हम बांग्लादेश को चेतावनी देते हैं कि वह देश में मानवाधिकारों का उल्लंघन तुरंत बंद करे।'' बांग्लादेश की 17 करोड़ की जनसंख्या में हिंदू करीब आठ प्रतिशत हैं। शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार को पांच अगस्त को अपदस्थ किए जाने के बाद से बांग्लादेश के 50 से अधिक जिलों में हिंदुओं पर 200 से अधिक हमले होने के आरोप हैं।

## असम को इजराइल से सबक सीखने की जरूरत : हिमंत

**तेजपुर :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को कहा कि उनके राज्य को ''इजराइल से दुश्मनों से घिर जाने के बावजूद जीवित रहने का सबक'' सीखना है। सोनितपुर जिले के जमुगुरीहाट में 'शहीद दिवस' के अवसर पर एक कार्यक्रम से इतर पत्रकारों से बात करते हुए शर्मा ने कहा कि असम की सीमाएं कभी भी सुरक्षित नहीं थीं। उन्होंने कहा, ''ऐतिहासिक रूप से हमने बांग्लादेश, म्यांमा और पश्चिम बंगाल के साथ सीमाएं साझा की हैं। हम (असमिया लोग) 12 जिलों में अल्पसंख्यक हैं।'' उन्होंने ''हमें इजराइल जैसे देशों के इतिहास से सीखना होगा कि कैसे ज्ञान, विज्ञान और प्रौद्योगिकी का उपयोग करके और अदम्य साहस के बूते, दुश्मनों से घिरे होने के बावजूद वह एक मजबूत देश बन गया है। तभी हम एक 'जाति' (समुदाय) के रूप में जीवित रह सकते हैं।'' 'शहीद दिवस' खड़गेश्वर तालुकदार की शहादत की याद दिलाता है, जिन्हें छह साल लंबे असम आंदोलन का पहला 'शहीद' माना जाता है। असम आंदोलन 15 अगस्त 1985 को असम समझौते पर हस्ताक्षर के साथ समाप्त हुआ था। इस अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शर्मा ने कहा कि समझौते के लगभग 40 साल बाद भी बाहरी लोगों से 'खतरा' खत्म नहीं हुआ है।

## पहली बार, आईआईटी मद्रास ने भ्रूण के मस्तिष्क की सबसे विस्तृत 3डी तस्वीरें जारी कीं

**नयी दिल्ली :** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), मद्रास भ्रूण के मस्तिष्क की सबसे विस्तृत 3डी उच्च-रिजॉल्यूशन तस्वीरें जारी करने वाला दुनिया का पहला अनुसंधान



संस्थान बन गया है। आईआईटी मद्रास के निदेशक वी.कामकोटी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इस तरह के हाई-रिजॉल्यूशन वाली मस्तिष्क तस्वीर तैयार करने का मुख्य उद्देश्य विकासात्मक विकारों के शीघ्र निदान और उपचार के लिए वर्तमान भ्रूण इमेजिंग प्रौद्योगिकियों में प्रगति है। कामकोटी ने बताया कि आईआईटी मद्रास के सुधा गोपालकृष्णन ब्रेन सेंटर द्वारा किया गया अग्रणी कार्य ब्रेन मैपिंग प्रौद्योगिकी की सीमाओं को परे ले जाता है और भारत को ब्रेन मैपिंग विज्ञान के वैश्विक समूह में स्थान दिलाता है, क्योंकि यह दुनिया में अपनी तरह का पहला कार्य है। अनुसंधानकर्ताओं के मुताबिक देश के लिए भ्रूण से लेकर बच्चे, किशोरावस्था और युवा वयस्क तक के मस्तिष्क के विकास तथा ऑटिज्म जैसे विकासात्मक विकारों को समझना महत्वपूर्ण है।

## गंगा में 1,400 से अधिक घड़ियाल, 1,899 कछुए पुनः डाले जाने से जल की गुणवत्ता सुधरी: केंद्र

**नयी दिल्ली :** जल शक्ति मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि गंगा और उसकी सहायक नदियों में 1,400 से अधिक घड़ियाल और 1,899 कछुए फिर से डाले गए हैं, जिसके परिणामस्वरूप जल की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल की अध्यक्षता में गंगा संरक्षण पर अधिकार प्राप्त कार्यबल (ईटीएफ) की 13वीं बैठक के दौरान इस घटनाक्रम पर प्रकाश डाला गया। यह बैठक 'नमामि गंगे मिशन' के तहत की गई थी। बैठक में परियोजनाओं की समीक्षा की गई तथा गंगा नदी बेसिन के पुनरुद्धार की पहल पर चर्चा की गई। कछुए और घड़ियाल गंगा के पारिस्थितिकीय स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। कछुए गंगा को प्राकृतिक तरीके से साफ करते हैं, वे सड़ रहे जैव पदार्थ और शैवाल खाते हैं जिससे प्रदूषण को रोकने में मदद मिलती है और नदी में पोषक तत्वों का पुनर्चक्रण सुनिश्चित होता है। घड़ियाल शिकार करके मछलियों की संख्या में संतुलन बनाए रखते हैं। उनके कारण मछलियों की संख्या आवश्यकता से अधिक नहीं बढ़ती और पारिस्थितिकी तंत्र में व्यवधान को रोका जा सकता है। मंत्रालय की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, पाटिल ने भारत की सभ्यता, आस्था और आजीविका में गंगा की महत्ता पर जोर दिया तथा इसके संरक्षण को राष्ट्रीय कर्तव्य बताया। उन्होंने परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के महत्व पर जोर दिया और हितधारकों से नवीन प्रौद्योगिकियों को अपनाने का आग्रह किया ताकि इनके क्रियान्वयन में देरी को रोका जा सके और परियोजनाओं की दक्षता बढ़ सके। मिशन का लक्ष्य गंगा की पारिस्थितिकी को मजबूत करने के लिए 1,34,104 हेक्टेयर भूमि पर पौधारोपण करना है। अब तक 33,024 हेक्टेयर भूमि पर पौधारोपण किया जा चुका है तथा 59,850 हेक्टेयर अतिरिक्त भूमि को कवर किया गया है। इन प्रयासों का उद्देश्य 'हरित बफर क्षेत्र' बनाना, स्थानीय प्रजातियों को पुनर्स्थापित करना तथा क्षेत्र की वायु एवं जल गुणवत्ता में सुधार करना है।

## अमित शाह ने हरियाणा से नये आपराधिक कानूनों का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए कहा

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने हरियाणा सरकार से मंगलवार को कहा कि वह 31 मार्च तक तीनों नये आपराधिक कानूनों का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित करे। तीन नये आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम एक जुलाई को लागू हुए थे, जिन्होंने क्रमशः ब्रिटिशकालीन भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह ली है। शाह ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की उपस्थिति में तीन नये कानूनों के हरियाणा में कार्यान्वयन पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने राज्य में पुलिस, जेल, अदा-



लतों, अभियोजन और फोरेंसिक से संबंधित विभिन्न नये प्रावधानों के कार्यान्वयन और वर्तमान स्थिति का जायजा लिया। गृह मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि अमित शाह ने बैठक के दौरान हरियाणा सरकार से तीन नये आपराधिक कानूनों का 31 मार्च तक शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए कहा है। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तीनों नये कानून नागरिकों के अधिकारों के रक्षक और ''सुगम न्याय'' का आधार बन रहे हैं। उन्होंने प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल पर जोर देते हुए कहा कि प्रत्येक जिले में एक से अधिक फोरेंसिक मोबाइल वैन उपलब्ध होनी चाहिए। शाह ने कहा कि 'शून्य प्राथमिकी' की निगरानी की जिम्मेदारी पुलिस उपाधीक्षक स्तर के अधिकारी की होनी चाहिए तथा राज्यों के अनुसार उनका अन्य भाषाओं में अनुवाद सुनिश्चित किया जाना चाहिए। मंत्रालय ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री को हर 15 दिन में तीन नए कानूनों के कार्यान्वयन की प्रगति की समीक्षा करनी चाहिए और मुख्य सचिव एवं डीजीपी को सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ सप्ताह में एक बार इसकी समीक्षा करनी चाहिए।

## मानवाधिकार भारतीय संस्कृति में समाहित है: कानून मंत्री मेघवाल

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने मंगलवार को कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने यह सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए कि पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति को सामाजिक सशक्तीकरण के लिए शुरू की गई योजनाओं का पूरा लाभ मिले। साथ ही उन्होंने कहा कि मानवाधिकार हमेशा से भारतीय संस्कृति का हिस्सा रहा है। मानवाधिकार दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि इन पहल से लोगों को मानवाधिकार हासिल करने में मदद मिली है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि दिव्यांगजनों के जीवन को आसान बनाना और 'थर्ड जेंडर' को उनके अधिकार दिलाने में मदद करना पिछले 10 वर्षों में सरकार द्वारा उठाए गए कुछ महत्वपूर्ण कदम हैं। 'थर्ड जेंडर' श्रेणी में खुद को पंजीकृत कराने वाले 39 हजार से अधिक मतदाताओं ने 2019 के लोकसभा चुनावों में अपने मताधिकार का प्रयोग किया था।

## अवैध प्रवासियों की पहचान करने, कार्रवाई करने के लिए दो महीने का अभियान चलाने का आदेश दिया

**नयी दिल्ली :** दिल्ली के उपराज्यपाल सचिवालय ने दिल्ली के मुख्य सचिव और पुलिस आयुक्त को शहर में रह रहे अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों की पहचान करने और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए दो महीने का एक विशेष अभियान शुरू करने का मंगलवार को निर्देश दिया। उपराज्यपाल कार्यालय ने एक विज्ञप्ति में कहा कि यह कदम हजरत निजामुद्दीन के उलेमाओं और मुस्लिम नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा शनिवार को उपराज्यपाल वी के सक्सेना से मुलाकात के बाद उठाया गया है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि प्रतिनिधिमंडल ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदायों के साथ हो रहे व्यवहार पर चिंता व्यक्त की और शहर में घुसपैठियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आग्रह किया। विज्ञप्ति में कहा गया, ''प्रतिनिधिमंडल ने इस बात पर जोर दिया कि अवैध प्रवासियों को मकान किराये पर लेने या रोजगार प्राप्त करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए तथा धोखाधड़ी से प्राप्त किए गए आधार और मतदाता पहचान-पत्र जैसे सरकारी दस्तावेजों को तत्काल रद्द किया जाना चाहिए।'' इसमें कहा गया कि प्रतिनिधिमंडल ने सड़कों, फुटपाथ, उद्यानों और सरकारी जमीन सहित सार्वजनिक स्थानों पर अवैध प्रवासियों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाने की भी मांग की। विज्ञप्ति के मुताबिक प्रतिनिधिमंडल ने मदरसों और मस्जिदों से भी आग्रह किया कि यदि वे अवैध प्रवासियों को आश्रय दे रहे हैं तो उन्हें बाहर निकालें। उपराज्यपाल सचिवालय ने मुख्य सचिव को समयबद्ध कार्रवाई करने और साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

